# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, बुधवार 21 अगस्त 2024


### पिछली बैठक के निर्धारित लक्ष्य की भी समीक्षा

केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने जनवरी 2024 में अपने पिछले छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान राज्य पुलिस और प्रदेश में तैनात केंद्रीय अर्धसैनिक बल सहित विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक ली थी। उन्होंने नक्सल विरोधी अभियान को लेकर कुछ लक्ष्य निर्धारित किए थे। इसके अनुसार इस बैठक में भी इसी मुद्दे पर समीक्षा की जा सकती है।

# नक्सलवाद पर मैराथन बैठक, कानून-व्यवस्था पर मंथन और फिर सरकार के कामकाज की समीक्षा करेंगे शाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ और सीमावर्ती राज्यों में नक्सल मामलों से निपटने के लिए बड़ी रणनीति रायपुर में बनेगी। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 23 अगस्त की रात रायपुर आएंगे और 25 अगस्त को दोपहर यहां से दिल्ली रवाना होंगे। नक्सल प्रभावित सात राज्यों के मुख्य सचिव, डीजीपी और पैरामिलिट्री फोर्स के डीजी के साथ नक्सलवाद पर एक बड़ी बैठक करेंगे। बैठक से नक्सलवाद के खिलाफ सरकार का अभियान और तेज होगा। कहा जा रहा है कि श्री शाह कई बैठकें करेंगे। वे सरकार के कामकाज की समीक्षा भी करेंगे। केंद्रीय गृहमंत्री होटल मे फेयर में ठहरेंगे, वहां सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। अमित शाह 7 नक्सल प्रभावित राज्यों के साथ रायपुर में 24 अगस्त को कोआर्डिनेशन कमेटी की बैठक लेंगे। बैठक में छत्तीसगढ़ के सीएस अमिताभ जैन और डीजीपी अशोक जुनेजा के साथ सभी राज्यों के डीजीपी मौजूद रहेंगे। कोआर्डिनेशन कमेटी के साथ गृहमंत्री शाह सभी डीजीपी से अलग-अलग मुलाकात कर उनके राज्यों की स्थिति से अवगत होंगे। गृहमंत्री शाह नक्सल मामलों की कोआर्डिनेशन कमेटी की बैठक के साथ छत्तीसगढ़ के नक्सल इलाकों में हुए विकास कार्यों की समीक्षा भी करेंगे। ▶▶ शेष पेज 4 पर

- छत्तीसगढ़ में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के विकास कार्यों की भी समीक्षा करेंगे

## नक्सल बैठक में सात राज्यों के मुख्य सचिव, डीजीपी और पैरामिलिट्री फोर्स के डीजी रहेंगे मौजूद




मेफेयर बुक, 23 से 25 तक रहेंगे राज्य के दौरे पर

### ऐसा होगा कार्यक्रम

मिली जानकारी के अनुसार गृहमंत्री अमित शाह 23 अगस्त को रात 10 बजे रायपुर आएंगे और नवा रायपुर के होटल मेफेयर में रात्रि विश्राम करेंगे। अमित शाह 24 अगस्त को सुबह साढ़े दस बजे नवागांव तथा इसके ठीक बाद सुबह 11 बजे चंपारण्य जाएंगे। वहां आधा घंटे रुककर वापस रायपुर लौटेंगे और दोपहर 12 बजे से नक्सल मामलों की इंटरस्टेट कोआर्डिनेशन कमेटी की बैठक लेंगे। बैठक में शामिल होने के लिए सभी सात राज्यों के चीफ सेक्रेटरी और डीजीपी के रायपुर आने की संभावना है। बैठक करीब दो घंटे चलेगी। इसके बाद दोपहर 2 से 3 बजे तक वे छत्तीसगढ़ पुलिस के कामकाज की अलग से समीक्षा करेंगे। इसके उपरांत वे छत्तीसगढ़ के नक्सल इलाकों में हुए कामकाज की समीक्षा ▶▶ शेष पेज 4 पर


शाह छत्तीसगढ़ में तीन दिन रहेंगे नक्सलवाद पर बड़ी बैठक, सात राज्यों के रहेंगे सीएस-डीजीपी

हरिभूमि सबसे पहले






## पश्चिम बंगाल के बाद अब महाराष्ट्र में मामला, लोगों का फूटा आक्रोश

# बदलापुर में भी बच्चियों से हैवानियत, जमकर बवाल, स्कूल में तोड़फोड़, ट्रेनों के पहिए जाम

*कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर से रेप-मर्डर के बीच महाराष्ट्र के बदलापुर में एक स्कूल में करीब 4 साल की दो बच्चियों के यौन-शोषण का मामला सामने आया है। घटना के बाद गुस्साई भीड़ ने पहले स्कूल में तोड़फोड़ की, उसके बाद बदलापुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेनें रोकीं। पुलिस ने लाठीचार्ज कर रेलवे ट्रैक खाली कराया। स्कूल के प्रिंसिपल समेत पूरे स्टाप को सस्पेंड कर दिया गया है। इसके साथ ही एक टीआई समेत तीन पुलिस अफसरों पर भी गाज गिरी है। राज्य सरकार ने एसआईटी को जांच सौंप दी है।*

एजेंसी ▶▶ ठाणे

घटना से गुस्साए लोग मंगलवार सुबह 8 बजे बदलापुर रेलवे स्टेशन की पटरियों पर खड़े होकर प्रदर्शन करने लगे। कई ट्रेनों को रोका गया। पुलिस ने भीड़ पर काबू पाने के लिए प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया। पुलिस पर भी पथराव हुआ है। दूसरी तरफ लोगों ने स्कूल के अंदर घुसकर प्रदर्शन और तोड़फोड़ की। आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। सुबह 9 बजे से शुरू हुए लोगों के विरोध-प्रदर्शन की वजह से कल्याण-बदलापुर लोकल ट्रेन सर्विस ठप पड़ी है। कई संगठनों ने आज विरोध में बदलापुर बंद का ऐलान किया है।

इस बीच, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने पुलिस को ठाणे जिले के बदलापुर स्थित एक स्कूल में दो छात्राओं के यौन उत्पीड़न के आरोप में गिरफ्तार किये गये आरोपियों के खिलाफ दुष्कर्म के प्रयास का मामला दर्ज ▶▶ शेष पेज 4 पर

- बदलापुर घटना की जांच महिला आईपीएस अधिकारी करेंगी: फडणवीस

- *पुलिस ने लाठीचार्ज किया स्कूल के प्रिंसिपल समेत पूरा स्टाफ सस्पेंड*



### क्यों फूटा गुस्सा?

स्कूल में चार साल की बच्चियों के साथ गंदी हरकत के खुलासे के बाद अभिभावकों ने इस बात पर नाराजगी जताई कि स्कूल ने सुरक्षा को हल्के में लिया। स्कूल ने घटना के खुलासे के बाद भी कोई माफी नहीं मांगी। स्कूल प्रशासन ने भविष्य में ऐसी घटना को रोकने के लिए कोई आश्वासन नहीं दिया। पुलिस की जांच में स्कूल प्रबंधन की ओर से कई खामियां और लापरवाही सामने आई हैं। इसके बाद अभिभावकों को गुस्सा फूट पड़ा।

### प्रिंसिपल समेत तीन को हटाया

अभिभावकों के कड़े विरोध के बाद स्कूल ने अपने प्रिंसिपल, क्लास टीचर और एक महिला अटेंडेंट को निलंबित कर दिया, तो वहीं दूसरी तरफ पुलिस ने एफआईआर दर्ज करने में देरी के लिए एक अधिकारी का तबादला कर दिया। अभिभावकों के प्रदर्शन के बाद पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने मामले को तेजी से निपटाने और स्कूल में सुरक्षा उपाय बढ़ाने का वादा किया।

### फडणवीस ने एसआईटी को सौंपी जांच

बदलापुर स्कूल में बच्चियों से छेड़छाड़ की घटना को संज्ञान में लेते हुए उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने जांच के लिए एसआईटी गठित कर दी है। डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने स्पेशल आईजी की आरती सिंह को एसआईटी का चीफ बनाया है। तो वहीं दूसरी तरफ इस घटना को लेकर बदलापुर में आक्रोश है।

### क्या है पूरा मामला?

ठाणे पुलिस ने अनुसार एक नर्सरी स्कूल की दो बच्चियों के यौन शोषण का मामला सामने आया था। इस घटना में 23 साल के पुरुष सफाईकर्मी के खिलाफ मामला दर्ज करके किया गया है। पुलिस के अनुसार उसे अरेस्ट भी कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार यौन शोषण का खुलासा तब हुआ था, जब चार साल की बच्ची ने अपने अभिभावक को इस बारे में बताया था। इसके बाद दोनों ▶▶ शेष पेज 4 पर

## इधर, सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

# एक और रेप, हत्या का नहीं कर सकते इंतजार



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को स्वास्थ्य देखभाल संस्थानों में सुरक्षा की कमी पर चिंता व्यक्त की और कहा कि देश जमीनी स्तर पर वास्तविक बदलाव के लिए एक और बलात्कार या हत्या की घटना का इंतजार नहीं कर सकता। न्यायालय कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक स्नातकोत्तर चिकित्सक के कथित बलात्कार और हत्या से संबंधित स्वतः संज्ञान ▶▶ शेष पेज 4 पर

### मशाल जुलूस के साथ सड़कों पर आक्रोश

*महिला डॉक्टर से दरिंदगी के बाद हुई हत्या के विरोध में देशभर में लोगों को आक्रोश देखने को मिल रहा है। कोलकाता में डॉक्टर रेप कांड पर आज लेस्बियन समुदाय के लोगों ने भी विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने छात्रों के साथ मिलकर मशाल जुलूस निकाला और पीड़ित के लिए न्याय की गुहार लगाई। हर कोई चाहता है कि डॉक्टर बिटिया के गुनहगारों को फांसी की सजा मिले।* ▶▶ शेष पेज 4 पर

### कोर्ट ने लगाई बंगाल सरकार को फटकार

*कोलकाता मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में अहम सुनवाई हुई थी। इस दौरान अदालत ने मामले को लेकर बंगाल सरकार को फटकार लगाई और कई सवाल भी पूछे। कोर्ट ने प्रदर्शनकारियों पर सख्ती को लेकर भी पश्चिम बंगाल सरकार को आड़े हाथों लिया और कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन को नहीं रोका जा सकता।*

## खबर संक्षेप

### कश्मीर में चुनाव के लिए अधिसूचना जारी




**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर में तीन चरणों में होने वाले विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को अधिसूचना जारी कर दी। यहां पहले चरण में 24 सीटों पर 18 सितंबर को मतदान होगा। प्रत्याशियों के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है।

### संघ की समन्वय बैठक 31 से पालक्कड़ में




**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तीन दिवसीय अखिल भारतीय समन्वय बैठक 31 अगस्त से दो सितंबर तक केरल के पालक्कड़ में संपन्न होगी। इसमें भाजपा सहित संघ से जुड़े अन्य संगठनों के साथ समन्वय को और अधिक मजबूत बनाने के उपायों तथा अन्य मुद्दों पर चर्चा होगी।

### बारामूला में भूकंप के दो झटके



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में मंगलवार सुबह एक के बाद एक भूकंप के दो झटके महसूस किए गए, जिससे लोगों में दहशत फैल गई। हालांकि, भूकंप से जान-माल के नुकसान की फिलहाल कोई खबर नहीं है। भूकंप का पहला झटका सुबह 6.45 बजे महसूस किया गया।

### दुनिया में सबसे बुजुर्ग महिला का निधन



**मैड्रिड।** दुनिया में सबसे बुजुर्ग समझी जाने वाली अमेरिकी मूल की स्पेनवासी मारिया ब्रान्यास का 117 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके परिवार ने मंगलवार को यह जानकारी दी। ब्रान्यास के 'एक्स' अकाउंट पर उनके परिवार ने लिखाः मारिया ब्रान्यास हम सब को छोड़कर चली गईं।

### अस्पतालों-मॉल को उड़ाने की धमकी वाले ईमेल



**नई दिल्ली।** दिल्ली में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान और सफदरजंग समेत कई अस्पतालों और एक मॉल को मंगलवार को बम की धमकी वाले ईमेल मिले जिससे प्राधिकारियों को उनके परिसरों की तलाशी शुरू करनी पड़ी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

## परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

# डबरी में डूबकर दो मासूमों की मौत, घटना दुगोली की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

मंगलवार को दुगोली गांव के बीचपारा में पदमा तेलम पिता लखमू तेलम (06) और रंजना तेलम पिता रंजित तेलम (06) की डबरी में डूबने से मौत हो गई है। घटना दोपहर 1 बजे की है। बताया जा रहा है कि परिजन बच्चों को ▶▶ शेष पेज 4 पर

### खेती कार्य में व्यस्त हो गए थे परिजन

मृतक के परिजन रंजित तेलम ने बताया कि दोनों बच्चों को अपने साथ खेत ले गये थे, खेती कार्य में हम लोग व्यस्त हो गये। कुछ देर बाद बच्चे खेत में दिखाई नहीं दिए। हम लोग बच्चों को खोजते हुए खेत से घर की ओर पहुंचे, तब घर के पास बने डबरी में ▶▶ शेष पेज 4 पर

## मिस कॉल, नमो एप और स्कैनर से ले सकेंगे भाजपा की सदस्यता

# जहां भाजपा कमजोर वहां सदस्यता पर विशेष जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के देशव्यापी सदस्यता अभियान को लेकर कुशाभाऊ ठाकरे परिसर भाजपा कार्यालय में प्रदेश स्तरीय बैठक आयोजित की गई। भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह ने कहा, यह संगठन पर्व की शुरुआत है और इसमें पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाना है। आज हमारे लिए वातावरण अनुकूल है। देश में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्रित्व में तीसरी बार सरकार बनी है और प्रदेश में भी भाजपा की सरकार है। पिछली सदस्यता समाप्त हो गई है, अब ▶▶ शेष पेज 4 पर



### ऐसे ले सकते हैं सदस्यता

राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह ने ऑनलाइन सदस्यता के संबंध में कहा, जिन सदस्यों के पास स्मार्ट फोन नहीं है, वे मिस्ड कॉल करेंगे। इसके बाद उनके पास लिंक आएगा जिसे अन्य सदस्य के स्मार्ट फोन पर भेजकर सदस्यता ले सकेंगे। सदस्यता अभियान के लिए 31 अगस्त तक बूथ स्तर पर बैठकें करनी है। सदस्यता मिस कॉल, नमो एप और क्यूआर कोड से ली जाएगी।

### समाज के सभी वर्गों तक पहुंचेंगे- सीएम

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, विधानसभा और लोकसभा चुनाव में भाजपा सफल रही है और प्रदेश व केन्द्र में भाजपा की सरकार बनी है। सभी कार्यकर्ताओं को समय देकर इस अभियान को सफल बनाना है। सदस्यता अभियान में सभी समाज व सभी वर्गों का समर्थन हासिल करना है। भाजपा सरकार भ्रष्टाचार मुक्त छत्तीसगढ़ के लिए काम कर ▶▶ शेष पेज 4 पर

## कन्या हॉस्टल में अध्ययनरत थीं छात्राएं

# रक्षाबंधन मनाने हॉस्टल से घर पहुंची दो छात्राओं की संदिग्ध मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मोहला

जिला मुख्यालय मोहला के प्री मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास में अध्यनरत दो छात्राओं की रक्षाबंधन त्यौहार में संदिग्ध मौत हो गई है। दोनों आदिवासी छात्राएं सातवीं एवं दसवीं कक्षा में अध्ययनरत थीं। हॉस्टल से परिवारजनों के साथ घर पहुंची और अलग-अलग गांवों में इनकी मौत हो गई। दोनों नाबालिग छात्राओं का आज अंबागढ़ चौकी विकासखंड के ग्राम मोहड तथा मानपुर विकासखंड के परालझरी (टोहे) में परिजनों द्वारा अंतिम संस्कार किया गया है। दो होनहार छात्राओं की संदिग्ध मौत से जहां परिवार स्तब्ध है, वहीं खबर लिखे जाने तक जिले के वरिष्ठ अधिकारियों को घटना की खबर ही नहीं है। ▶▶ शेष पेज 4 पर




### बस्तर से लाया गया शव

मानपुर विकासखंड के परालझरी में निवासरत दसवीं की छात्रा सपना जाड़े रक्षाबंधन में अपने मौसी के घर कांकेर जिले के दुर्गुकोंदल कोंड्रुंज थाना कोड़ेखूर्से गई हुई थी। जहां आधी रात उसकी भी मौत हो गई। परिजन बस्तर से शव लेकर परालझरी पहुंचे।

## सरकार ने शुरू की 'जन पोषण केंद्र' की पायलट परियोजना

# राशन दुकानों पर मिलेंगे बाजरा, दाल और दूध भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

देश में उचित मूल्य की राशन दुकानों के सूरत अब बदल जाने वाली है। राशन दुकानों में अनाज के अलावा अब बाजरा, दालें, डेयरी उत्पाद और दैनिक जरूरत का सामान बेची जा सकेंगी। इससे डीलरों की कमाई के नए स्रोत खुल सकते हैं।

केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रल्हाद जोशी ने मंगलवार को उचित दर की दुकानों को जन पोषण केंद्र में बदलने के लिए पायलट परियोजना का शुभारंभ किया। उन्होंने इस अवसर पर एफपीएस सहाय एप्लिकेशन, मेरा राशन ऐप 2.0, गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली, गुणवत्ता मैनुअल हैंडबुक, अनुबंध मैनुअल ▶▶ शेष पेज 4 पर




### देश में 5.38 लाख राशन दुकानें

*खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने एफपीएस डीलर के लिए आसान ऋण की सुविधा के लिए सिडबी के साथ सहयोगात्मक प्रयासों और उद्यमिता प्रशिक्षण देने के लिए कौशल विकास मंत्रालय के साथ की गई साझेदारी के बारे में बताया। पूरे भारत में लगभग 5.38 लाख राशन की दुकानें हैं।*

### राशन दुकानों को होगा फायदा

केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा कि विभाग में सार्वजनिक वितरण प्रणाली में और अधिक नवाचार और समग्र सुधार लाने के लिए हितधारकों के सुझाव आमंत्रित हैं। एफसीआई की अनुबंध नियमावली का भी लोकार्पण किया गया। एफसीआई की अनुबंध नियमावली की परिकल्पना सभी अस्पष्टताओं को दूर करने, प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करने और अनुबंधों में अधिक से अधिक पारदर्शिता लाने वाले मार्गदर्शक सिद्धांत के रूप में की गई है।

### इन चार राज्यों से शुरुआत

उत्तर प्रदेश, गुजरात, राजस्थान और तेलंगाना में 60 उचित दर दुकानों (एफपीएस) को 'जन पोषण केंद्र' में बदलने के लिए पायलट परियोजना की शुरुआत की। इस परियोजना का मकसद एफपीएस की व्यवहार्यता और पोषण युक्त खाद्य पदार्थों की उपलब्धता को बढ़ाना है। एफपीएस को आम बोलचाल में सरकारी राशन की दुकान भी कहते हैं। पायलट परियोजना के तहत एफपीएस डीलर को सब्सिडी वाले अनाज के अलावा अपने उत्पादों में विविधता लाने की अनुमति होगी।




# अब अविवाहित, विधवा, तलाकशुदा भी ले सकेंगे बच्चा गोद

*नई दिल्ली। देश में अब सिंगल पैरेंट्स भी बच्चा गोद ले सकेंगे। महिला एवं बाल विकास (डब्लूसीडी) मंत्रालय ने एक नए नियम के तहत अब अविवाहित, विधवा, तलाकशुदा या कानूनी रूप से अलग रह रहे 35 से 60 साल की उम्र के अकेले लोगों को भी बच्चे को गोद लेने की अनुमति दे दी है। इससे पहले, 2016 के मॉडल फॉस्टर केयर गाइडलाइंस के तहत, केवल विवाहित जोड़ों को ही बच्चे को गोद लेने की अनुमति थी। हालांकि, एक अकेली महिला किसी भी लिंग के बच्चे को गोद ले सकती है, लेकिन एक पुरुष केवल पुरुष बच्चे को ही गोद ले सकता है।*

## सिंगल पैरेंट के लिए खुशखबरी
### सरकार ने बदला नियम

नए नियमों के तहत, अब किसी भी व्यक्ति को, चाहे वह शादीशुदा हो या नहीं, विधवा हो, तलाकशुदा हो या कानूनी रूप से अलग रह रहा हो, बच्चे को गोद लेने की अनुमति है। इसके अलावा, फॉस्टर पेरेंट अब दो साल के बजाय पांच साल तक बच्चे की देखभाल करने के बाद उसे गोद ले सकते हैं। फॉस्टरिंग एक ऐसी व्यवस्था है जिसमें एक बच्चा अस्थायी रूप से या तो विस्तारित परिवार या असंबंधित व्यक्तियों के साथ रहता है।

**पांच साल तक बच्चे की देखभाल फिर गोद**

### महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने किया नियमों में बदलाव



#### उम्र का भी है फैक्टर

फॉस्टर पेरेंट्स की उम्र के मामले में, 2016 के दिशा-निर्देशों में कहा गया था कि दोनों पति-पत्नी की उम्र 35 साल से अधिक होनी चाहिए। संशोधित दिशा-निर्देश अधिक विशिष्ट हैं। इसमें 6 से 12 साल और 12 से 18 साल की उम्र के बच्चों को गोद लेने के लिए, "विवाहित जोड़े की संयुक्त उम्र" कम से कम 70 साल होनी चाहिए। वहीं, एक अकेले फॉस्टर पेरेंट की उम्र कम से कम 35 साल होनी चाहिए। यह संभावित फॉस्टर पेरेंट्स की अधिकतम उम्र भी निर्दिष्ट करता है। 6 से 12 साल की उम्र के बच्चे को गोद लेने के लिए एक अकेले व्यक्ति के लिए 55 साल तक और 12 से 18 साल की उम्र के बच्चे को गोद लेने के लिए 60 साल तक होनी चाहिए।

रिपोर्ट के अनुसार, अगर कोई विवाहित जोड़ा बच्चे को गोद लेना चाहता है, तो नए नियमों के अनुसार, उन्हें कम से कम दो साल तक एक स्थिर वैवाहिक जीवन बिताना चाहिए। पहले, दंपतियों के लिए ऐसा कोई नियम नहीं था। 2016 के दिशा-निर्देशों को 2021 में किशोर न्याय (देखभाल और बच्चों की सुरक्षा) अधिनियम में संशोधन और 2022 के किशोर न्याय (देखभाल और बच्चों की सुरक्षा) मॉडल नियमों के अनुसार संशोधित किया गया है। संशोधित दिशा-निर्देश जून में सभी राज्यों में जारी किए गए थे।

**दो साल तक स्थिर वैवाहिक जीवन की शर्त**

#### किन बच्चों को ले सकते हैं गोद

- भारत में, जिन बच्चों को गोद लिया जा सकता है, उनकी उम्र छह साल से अधिक होनी चाहिए
- वे बाल देखभाल संस्थानों में रह रहे हों और उनके 'अयोग्य अभिभावक' हों
- गोद लेने में कठिन या विशेष जरूरतों वाले बच्चे की श्रेणी में आने वाले नाबालिगों को भी गोद लिया जा सकता है

## खबर संक्षेप

### ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के चांसलर का चुनाव लड़ेंगे इमरान



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने ब्रिटेन के प्रतिष्ठित ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय का चांसलर बनने के लिए आवेदन किया है। पाकिस्तान की जेल में एक साल से बंद इमरान खान ने ब्रिटेन की ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में चांसलर बनने के लिए आवेदन दे दिया है। इमरान के सलाहकार सैयद जुल्फिकार बुखारी ने सोशल मीडिया पर इस बारे में जानकारी दी।

### भाजपा मुझ पर लगा रही बेबुनियाद आरोप



**बंगलुरू।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने भाजपा पर उन पर बेबुनियाद आरोप लगाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि वह हमेशा से गरीबों, दलितों और सामाजिक न्याय के पक्षधर रहे हैं। सीएम सिद्धारमैया की यह टिप्पणी राज्यपाल थावरचंद गहलोत की तरफ से भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17ए के तहत भ्रष्टाचार के आरोपों में मुकदमा चलाने की अनुमति दिए जाने के बाद आई है।

### सीरम इंस्टीट्यूट बनाएगा मंकीपॉक्स वैक्सीन

**नई दिल्ली।** कोरोना वैक्सीन कोविशील्ड बनाने वाली कंपनी सीरम इंस्टिट्यूट ने मंकीपॉक्स वैक्सीन बनाने का ऐलान किया है। कंपनी के सीईओ अदार पूनावाला ने बताया- मंकीपाक्स के ग्लोबल हेल्थ इमरजेंसी घोषित होने के बाद हम एक वैक्सीन विकसित कर रहे हैं। उम्मीद है कि एक साल के अंदर हम इसे बना लेंगे। केंद्र सरकार ने 19 अगस्त को मंकीपॉक्स के बढ़ते मामलों के बीच देश के सभी पोर्ट और एयरपोर्ट के साथ पाकिस्तान और बांग्लादेश बॉर्डर पर अलर्ट जारी किया था।

## जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव

# किंगमेकर की भूमिका निभाएंगी 16 सीटें लोकसभा चुनाव में भाजपा को लगा था झटका

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव की घोषणा हो चुकी है। जम्मू कश्मीर में सितंबर महीने में तीन चरणों में चुनाव होंगे तो वहीं 4 अक्टूबर को वोटों की गिनती होगी। जम्मू कश्मीर चुनाव में पहली बार अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए विधानसभा सीट आरक्षित की गई है। जम्मू कश्मीर में कुल 90 विधानसभा सीटें हैं, जिनमें से 16 सीटें एससी और एसटी के लिए आरक्षित हैं। यह सभी 16 सीटें किंग मेकर की भूमिका निभाएंगी। माना जा रहा है कि जो भी पार्टी 16 सीटों पर बढ़त हासिल करेगी, वह निर्णायक स्थिति में होगी। हाल ही में लोकसभा चुनाव संपन्न हुए हैं। अगर लोकसभा चुनाव के विधानसभा वार परिणाम को देखा जाए तो इन 16 सीटों में से 6 पर भाजपा को बढ़त मिली थी। जबकि नेशनल कांफ्रेंस को 7, कांग्रेस को 2 और अपनी पार्टी एक सीट पर आगे थी। 16 आरक्षित सीटों में 13 सीटें जम्मू संभाग में हैं जबकि तीन कश्मीर में है। एससी के लिए जम्मू में सबसे अधिक चार आरक्षित सीटें हैं जबकि तीन सीटें कश्मीर में है।

### लोस चुनाव में इन 16 सीटों में से 6 पर ही मिली थी भाजपा को बढ़त

#### बीजेपी की बढ़ेगी टेंशन?

जम्मू संभाग में अनुसूचित जाति के लिए चार सीटें आरक्षित है। हैरानी की बात यह है जम्मू की सचेतगढ़ विधानसभा सीट पर लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को भाजपा उम्मीदवार के खिलाफ बढ़त मिली थी। यह बीजेपी के लिए खतरे की घंटी भी है क्योंकि 2014 के विधानसभा चुनाव में यह सीट सामान्य थी और यहां पर भाजपा प्रत्याशी ने जीत हासिल की थी।



**लोकसभा चुनाव में किस पार्टी को कितनी रिज़र्व विधानसभा सीटों पर बढ़त मिली**

- बीजेपी- 6
- नेशनल कांफ्रेंस- 7
- कांग्रेस- 2
- अपनी पार्टी- 1

#### गुज्जर और पहाड़ी मतदाता महत्वपूर्ण

जम्मू कश्मीर के राजौरी और पूंछ जिले में गुज्जर और पहाड़ी मतदाता सबसे अधिक हैं। यहां पर पांच सीटें एसटी समुदाय के लिए रिजर्व है। पहाड़ी और गुज्जर दोनों ही समुदाय एसटी से आते हैं। माना जाता है कि पहाड़ी और गुज्जर मतदाता एक दूसरे के खिलाफ वोट करते रहे हैं। पहाड़ियों को सरकार ने एसटी में शामिल किया है। ऐसे में इसका लाभ भाजपा को मिल सकता है। हालांकि इससे गुज्जर समुदाय नाराज माना जा रहा है।

### खड़गे- राहुल आज जाएंगे कश्मीर मिलेंगे फारूक और महबूबा से



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी दो दिन के दौरे पर बुधवार को जम्मू-कश्मीर जाएंगे। जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद दोनों नेताओं का यह पहला दौरा है। पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा- दोनों नेता 21 अगस्त को दोपहर में जम्मू और 22 अगस्त को श्रीनगर में रहेंगे। वे नेताओं से चुनावी तैयारियों पर बातचीत करेंगे। शाम को प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक, लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को मिली सफलता को देखते हुए राहुल विधानसभा चुनाव में भी सभी भाजपा विरोधी पार्टियों को एकजुट रखना चाहते हैं। वह विधानसभा चुनाव में भी गठबंधन की रणनीति पर बात करेंगे। खड़गे और राहुल ने 19 अगस्त को जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, महाराष्ट्र और झारखंड के महासचिवों, प्रभारियों और स्क्रीनिंग कमेटी के सदस्यों से मुलाकात की थी। वेणुगोपाल ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के लिए केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक अगले तीन-चार दिनों में होगी। पार्टी जम्मू-कश्मीर में गठबंधन के लिए तैयार है और इसका मुख्य उद्देश्य भाजपा को सरकार से बाहर रखना है। कांग्रेस पार्टी नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) और पीडीपीसे गठबंधन बनाने की कोशिश में है।

## हाईकोर्ट ने कहा था- लड़कियां यौन इच्छाओं पर काबू रखें

# रेप विक्टिम पर हाईकोर्ट की टिप्पणी सुप्रीम कोर्ट में खारिज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को नाबालिग से रेप के आरोपी की सजा बहाल कर दी। साथ ही कलकत्ता हाईकोर्ट की उस टिप्पणी को भी खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था कि किशोरियों को अपनी यौन इच्छाओं पर काबू रखना चाहिए। वे दो मिनट के सुख के लिए समाज की नजरों में गिर जाती हैं। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच ने कहा- निचली अदालतों को फैसला कैसे लिखना चाहिए, इसे लेकर भी हम निर्देश जारी कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के कमेंट को आपत्तिजनक बताया था। कलकत्ता हाईकोर्ट के जस्टिस चितरंजन दास और जस्टिस पार्थ सारथी सेन की बेंच ने 18 अक्टूबर 2023 को रेप केस की सुनवाई की थी। बेंच ने लड़के को नाबालिग गर्लफ्रेंड के यौन उत्पीड़न मामले में बरी कर दिया था।



#### दिसंबर में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था - हाईकोर्ट की टिप्पणी आपत्तिजनक

8 दिसंबर, 2023 को सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस पंकज मित्तल की बेंच ने कलकत्ता हाईकोर्ट की टिप्पणी पर आपत्ति जताई थी। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल 8 दिसंबर को कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले की आलोचना की थी। शीर्ष अदालत ने हाईकोर्ट की टिप्पणियों को घोर आपत्तिजनक और पूरी तरह से गलत करार दिया था।

#### कलकत्ता हाईकोर्ट की इन टिप्पणियों पर मचा था बवाल

कलकत्ता हाईकोर्ट ने दुष्कर्म के आरोपी की याचिका पर सुनवाई की थी। याचिका स्वीकार करते हुए हाई कोर्ट ने लड़कियों के आचरण पर टिप्पणियां की थी। जज ने कहा था, 'लड़कियों को अपनी यौन इच्छाओं पर कंट्रोल रखना चाहिए।'-'2 मिनट सुख के फेर में नहीं पड़ना चाहिए।' साथ ही लड़कों को भी सलाह दी थी, कहा था कि लड़कों को समझाया जाए कि उन्हें लड़कियों की इज्जत करना चाहिए।

## विवादों में घिरी कंगना की फिल्म

# इंदिरा के हत्यारे बॉडीगार्ड के सांसद बेटे की 'इमरजेंसी' पर बैन की मांग

एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़

हिमाचल प्रदेश के मंडी से भाजपा सांसद और बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत की नई फिल्म इमरजेंसी 6 सितंबर को देशभर के सिनेमा घरों में रिलीज होगी। इससे पहले ही फिल्म को लेकर पंजाब में विवाद शुरू हो गया है। फरीदकोट से सांसद सरबजीत सिंह खालसा और शिअद के वरिष्ठ नेता करनैल सिंह पीर मोहम्मद ने पंजाब में फिल्म इमरजेंसी के रिलीज पर रोक लगाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अगर फिल्म रिलीज होती है, तो इससे प्रदेश के हालात और कानून व्यवस्था बिगड़ सकती है। इससे पहले पंजाब के निर्दलीय सांसद सर्बजीत सिंह खालसा ने ट्रेलर में दिखाए गए दृश्यों पर आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि इसमें सिखों को गलत तरीके से पेश किया गया है। उन्होंने केंद्र सरकार को पत्र लिखकर फिल्म की रिलीज रोकने की मांग की है। फिल्म में सिखों को अलगाववादी या आतंकवादी के रूप में दिखाया गया है तो यह एक गहरी साजिश है।



#### कौन हैं सरबजीत सिंह खालसा?

सरबजीत सिंह खालसा, बेअंत सिंह के बेटे हैं। बेअंत सिंह उन दो बॉडीगार्ड्स में से एक थे, जिन्होंने 31 अक्टूबर 1984 को ऑपरेशन ब्लू स्टार की वजह से उस समय प्रधानमंत्री रहीं इंदिरा गांधी की गोली मारकर हत्या की थी। अब कंगना रनौत अपनी फिल्म 'इमरजेंसी' लेकर आ रही हैं। इसमें 1975 के वक्त इंदिरा गांधी द्वारा भारत में लगाए गए आपातकाल के दौर की कहानी, इंदिरा के स्ट्रगल और उनकी हत्या को दिखाया जाएगा। कंगना, इंदिरा गांधी का किरदार निभा रही हैं। उनके साथ फिल्म में अनुपम खेर, श्रेयस तलपड़े, महिमा चौधरी, मिलिंद सोमन, विशाक नायर जैसे सितारों ने काम किया है।

# बिट्टू राजस्थान तो कूरियन बने एमपी से रास उम्मीदवार

हरिभूमि न्यूज:नई दिल्ली

#### 3 सितंबर को 12 रिक्त सीटों पर चुनाव



भाजपा ने मंगलवार को राज्यसभा की नौ सीट के लिए उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी। केंद्रीय मंत्री जॉर्ज कूरियन को मध्य प्रदेश से, जबकि रवनीत सिंह बिट्टू को राजस्थान से प्रत्याशी बनाया गया है। पार्टी की ओर से जारी उम्मीदवारों की सूची के मुताबिक, करीब दो माह पहले कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुईं किरण चौधरी को हरियाणा से उम्मीदवार बनाया है। चौधरी ने मंगलवार सुबह हरियाणा विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। कांग्रेस नेता दीपेंद्र सिंह हुड्डा के रोहतक क्षेत्र से लोकसभा के लिए निर्वाचित होने के बाद हरियाणा में राज्यसभा की एक सीट पर उपचुनाव की आवश्यकता पैदा हुई है। इस सीट के लिए नामांकन दाखिल करने का आखिरी दिन बुधवार है। विधानसभा में भाजपा विधायकों की संख्या को देखते हुए पार्टी की इस सीट से जीत तय मानी जा रही है।

#### हरियाणा से किरण चौधरी को बनाया राज्यसभा उम्मीदवार

लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुई किरण चौधरी को पार्टी ने हरियाणा से राज्यसभा उम्मीदवार बनाया है। हरियाणा में जल्द होने जा रहे विधानसभा चुनाव से पहले किरण को राज्यसभा उम्मीदवार बनाकर भाजपा ने जाट वोट बैंक को साधने का दांव चला है। रोहतक लोकसभा सीट से सांसद बने दीपेंद्र हुड्डा ने राज्यसभा से अपना इस्तीफा दिया था, खाली हुई सीट पर अब चुनाव हो रहा है।

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
घमंडी दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा
सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
94060-21769

## मप्र बना देश का पहला राज्य, नोटिफिकेशन जारी

# व्हाट्सएप, ई-मेल और टेक्स्ट मैसेज से भेजे जाएंगे वारंट



एजेंसी ▶▶| भोपाल

मध्यप्रदेश में न्यायिक प्रक्रिया को और अधिक सुगम और प्रभावी बनाने के लिए एक नया नियम लागू किया गया है। इस नियम के तहत अब समन और वारंट ऑनलाइन माध्यमों जैसे व्हाट्सएप, ई-मेल, और टेक्स्ट मैसेज के जरिए भेजे जाएंगे और उन्हें तामील माना जाएगा। इस नई पहल के साथ मध्यप्रदेश ऐसा करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। इसको लेकर गृह विभाग ने नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। बता दें मध्यप्रदेश सरकार ने नए कानून के लिए डेढ़ महीने में यह नियम तैयार किया है, जिसके अनुसार अब कोर्ट से सीधे समन और वारंट जारी किए जा सकेंगे। ई-मेल के जरिए भेजे गए समन और वारंट की तामील तब मानी जाएगी, जब ई-मेल बाउंस बैक नहीं होता। इसका मतलब है कि अगर ई-मेल डिलीवर हो जाता है, तो समन या वारंट तामील माना जाएगा। हालांकि, यह नया नियम उन लोगों पर लागू नहीं होगा जो ई-मेल, फोन नंबर, या मैसेजिंग एप्लिकेशन का उपयोग नहीं करते हैं। ऐसे मामलों में पारंपरिक तरीका अपनाया जाएगा और संबंधित थाने का स्टाफ समन या वारंट की तामील करवाएगा।

#### न्यायिक प्रक्रिया में आएगी तेजी

*गृह विभाग ने इस नए नियम को लागू करने के लिए गजट नोटिफिकेशन जारी किया है। इस कदम से न्यायिक प्रक्रिया में तेजी आने की उम्मीद है और डिजिटल युग में न्याय व्यवस्था को और सशक्त बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस नए नियम के लागू होने से न्यायिक प्रक्रियाओं में समय और संसाधनों की बचत होगी, साथ ही अदालती आदेशों की तामील अधिक प्रभावी ढंग से की जा सकेगी।*

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर — 36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre — रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद — आयुष्मान कार्ड सुविधा
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551 समयः सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

वात, स्पाइन एवं पाइल्स केयर
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर मो. 9039050422
मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029 समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

रायपुर
बुधवार, 21 अगस्त 2024
भाद्रपद कृष्ण पक्ष द्वितीया
वर्ष : 23, अंक : 34
पृष्ठ : 10+4+4 = 18, मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 33.3
न्यून. 26.5

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

05 दिखा शानदार स्क्रीन प्रजेंस



विचार पेज
02 नए भूगोल में पहले चुनाव पर निगाहें

# बड़े बकायेदारों पर हरिभूमि की खबर से बिजली कंपनी में हड़कंप, वसूली का बनेगा प्लान, आज से बैठकें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में सरकारी विभागों और रसूखदारों पर बिजली के भारी भरकम बकाये ने बिजली कंपनी को चिंता में डाल दिया है। अब इन बड़े बकायादारों से वसूली के लिए सीएसपीडीसीएल दो दिनों तक मैराथन बैठक करने जा रहा है। 21 और 22 अगस्त को सीएसपीडीसीएल में बड़े बकायादारों से वसूली को लेकर बड़ी बैठक होगी। हरिभूमि में खबर प्रकाशित होने के बाद सीएसपीडीसीएल ने बड़े बकायादारों की सुध ली है। इसे लेकर विशेषतौर पर बैठक बुलाई गई है। हरिभूमि ने खुलासा किया था कि सरकारी विभागों और प्राइवेट सेक्टर ने सीएसपीडीसीएल को 4 हजार 394 करोड़ का चपत लगाया है। नगरीय निकाय, पंचायत, स्कूल शिक्षा विभाग के साथ ही कई रसूखदार करोड़पतियों ने भी बिजली का बिल लंबे समय से नहीं पटाया है। जबकि ऐसे उपभोक्ताओं को लगातार सीएसपीडीसीएल की ओर से नोटिस जारी की जा रही है। बिल नहीं पटाने वालों में आईएएस एसोसिएशन से लेकर कई बड़े उद्योग भी शामिल हैं।

खबर का असर

रसूखदारों की वजह से 4 हजार 394 करोड़ के बकाये में बिजली कंपनी

**नगरीय निकाय और पंचायत बिजली के सबसे बड़े बकायेदार, सिविल लाइन के अरबपति डिफाल्टर**

बिजली कंपनी के 17 सौ करोड़ से ज्यादा बकाया सरकार पर ही



अलग खबर

परिणाम मूलक कार्रवाई करेंगे

2610 करोड़ की चपत प्राइवेट सेक्टर से

## सीएसपीडीसीएल के एमडी ने सभी रीजन से मंगाई संपूर्ण जानकारी

- हरिभूमि की खबर के बाद बड़े बकायादारों पर कसेगा शिकंजा
- 4 हजार 394 करोड़ का बकाया वसूलने होगी बड़ी कार्रवाई
- बैठक में इस बार बड़े बकायादारों पर होगा फोकस

### सभी रीजन से मंगाए डेटा

सीएसपीडीसीएल के उच्च पदस्थ सूत्रों ने जानकारी दी कि छत्तीसगढ़ के सभी रीजन से बकायादारों के संबंध में विस्तृत जानकारी मांगी गई है। हर बार बैठकों में राजस्व वसूली पर चर्चा की जाती है, लेकिन इस बार बड़े बकायादारों पर फोकस होगा। यही वजह है कि दो दिनों तक बैठकें बुलाई गई हैं।

### होगी कार्रवाई

बड़े बकायादारों से वसूली को लेकर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इस संबंध में विस्तृत चर्चा के लिए 21 और 22 अगस्त को बैठक होगी। बड़े बकायादारों से वसूली के लिए नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

- **भीम सिंह**, एमडी, सीएसपीडीसीएल

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### खून के नमूने बदले दो और लोग गिरफ्तार



**पुणे।** पुणे पुलिस ने पोर्श कार दुर्घटना मामले में खून के नमूने बदलने के आरोप में दो और लोगों को गिरफ्तार किया है। पोर्श कार दुर्घटना मामले में गिरफ्तार लोगों की संख्या बढ़कर नौ हो गई है। कार में किशोर आरोपी के साथ मौजूद दो नाबालिगों के खून के नमूने इन दो व्यक्तियों के खून के नमूनों से बदले गए थे।

### अवैध तरीके से रह रहीं पांच बांग्लादेशी गिरफ्तार



**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में मीरा रोड से पुलिस ने बगैर अनुमति और बिना वैध दस्तावेजों के भारत में रह रहीं पांच बांग्लादेशी महिलाओं को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई मीरा भयंदर-वसई विरार आयुक्तालय के मानव तस्करी रोधी प्रकोष्ठ ने की। पुलिस ने दो झुग्गियों में छापेमारी की।

### दो बाइक की टक्कर में दो सगी बहनों की मौत




**प्रतापगढ़।** मानिकपुर थाना क्षेत्र में दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर हो जाने से दो सगी बहनों की मौत हो गयी और पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। इसमें राजेश (30), दिनेश (35), राजेश की मां शिवकुमारी, दिनेश की पत्नी शीला और उनकी बेटियां श्रेया, श्रेयांशी और श्रद्धा गंभीर रूप से घायल हो गईं।

### पाक से लाई जा रही 15 करोड़ की हेरोइन बरामद



**जयपुर।** राजस्थान के श्रीगंगानर जिले में बीएसएफ के जवानों ने पुलिस के साथ मिलकर चलाये गये संयुक्त अभियान के दौरान तस्करी की तीन किलो हेरोइन बरामद की है। इसकी कीमत 15 करोड़ रुपए आंकी गई है। यह हेरोइन ड्रोन के जरिए पाकिस्तान से तस्करी कर लाई जा रही थी।

### बाइक सवार को मारी टक्कर, अभिनेता गिरफ्तार



**कोलकाता।** बांग्ला अभिनेता सम्राट मुखर्जी की कार ने बीती रात कोलकाता के बेहाला इलाके में एक मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। इसके बाद अभिनेता को गिरफ्तार कर लिया गया है। मोटरसाइकिल पर सवार बेहाला की विद्यासागर कॉलोनी के निवासी 29 वर्षीय एक व्यक्ति को शुरू में एम आर बांगुर अस्पताल ले जाया गया।

विवाद के बीच केंद्र सरकार ने विज्ञापन रद्द करने का जारी किया आदेश

# यूपीएससी में नहीं होगी सीधी भर्ती, सरकार ने 'लेटरल एंट्री' विज्ञापन पर लगाई रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

*केंद्र सरकार ने विवाद के बीच मंगलवार को संघ लोक सेवा आयोग को नौकरशाही में 'लेटरल एंट्री' से संबंधित नवीनतम विज्ञापन वापस लेने का निर्देश दिया। सरकार ने आयोग को चिट्ठी लिखी है। इधर, कांग्रेस और कई अन्य विपक्षी दलों ने 'लेटरल एंट्री' के विषय पर अपने कदम पीछे खींचने के बाद मंगलवार को सरकार पर हमला बोला, वहीं सरकार ने कहा कि आरक्षण सिद्धांत लागू होगा।*

यूपीएससी 'लेटरल एंट्री' के जरिए सीधे उन पदों पर उम्मीदवारों की नियुक्ति करता है, जिन पर भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की तैनाती होती है। इस व्यवस्था के तहत निजी क्षेत्रों के अलग-अलग पेशे के विशेषज्ञों को विभिन्न मंत्रालयों व विभागों में सीधे संयुक्त सचिव और निदेशक व उप सचिव के पद पर नियुक्त किया जाता है। केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने संघ लोक सेवा आयोग की अध्यक्ष प्रीति सूदन को पत्र लिखकर विज्ञापन रद्द करने को कहा ताकि कमजोर वर्गों को सरकारी सेवाओं में उनका उचित प्रतिनिधित्व मिल सके। यूपीएससी ने 17 अगस्त को 'लेटरल एंट्री' के माध्यम से 45 संयुक्त सचिवों, निदेशकों और उप सचिवों की भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की थी।

सरकारी विभागों में (निजी क्षेत्रों के विशेषज्ञों सहित) विभिन्न विशेषज्ञों की नियुक्ति को 'लेटरल एंट्री' कहा जाता है। इस निर्णय की विपक्षी दलों ने कड़ी आलोचना की थी। उनका दावा है कि इससे अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के आरक्षण अधिकारों का हनन हुआ है। केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री सिंह ने अपने पत्र में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए सार्वजनिक रोजगार में आरक्षण ▶▶| शेष पेज 4 पर

### आयोग अध्यक्ष को पत्र

केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने मंगलवार को संघ लोक सेवा आयोग की अध्यक्ष प्रीति सूदन को पत्र लिखा। इसमें लेटरल एंट्री का विज्ञापन रद्द करने को कहा ताकि कमजोर वर्गों को सरकारी सेवाओं में उनका उचित प्रतिनिधित्व मिल सके। आयोग ने 17 अगस्त को 'लेटरल एंट्री' के जरिए विभिन्न विभागों में 45 संयुक्त सचिवों, निदेशकों और उप सचिवों की सीधी भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की थी।

### 15 दिनों में ऐसा दूसरी बार

पिछले 15 दिनों के अंदर ऐसा दूसरी बार हुआ है, जब केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने अपने कदम पीछे खींचे हैं। इससे पहले 8 अगस्त को सरकार ने वक्फ बोर्ड संशोधन बिल लोकसभा से वापस ले लिया था और उसे जेपीसी के पास भेज दिया था। अब सरकार ने भारी विरोध को देखते हुए लेटरल एंट्री पर रोक लगा दी है।

- केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने आयोग को लिखा पत्र
- विपक्ष ने सरकार पर साधा निशाना, सरकार ने कहा- लागू होगा आरक्षण सिद्धांत




### केंद्रीय मंत्री वैष्णव बोले- आरक्षण के सिद्धांत को करेंगे लागू

दूसरी तरफ, सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सरकार ने सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने के लिए 'लेटरल एंट्री' के जरिए नियुक्ति में आरक्षण के सिद्धांत को लागू करने का फैसला किया है। वैष्णव ने संवाददाताओं से कहा कि प्रधानमंत्री ने इस महत्वपूर्ण निर्णय से एक बार फिर बी आर आंबेडकर की संविधान के प्रति प्रतिबद्धता को मजबूत किया है। उन्होंने कहा, यूपीएससी ने लेटरल एंट्री के लिए बहुत पारदर्शी तरीका अपनाया। अब हमने उसमें भी आरक्षण का सिद्धांत लागू करने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने हमेशा सामाजिक न्याय के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई है। उनका यह भी कहना था, हमने ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया, जो पहले एक साधारण निकाय था। चाहे वह, मेडिकल में प्रवेश के लिए नीट हो, सैनिक स्कूल या नवोदय विद्यालय हो, हमने हर जगह आरक्षण के सिद्धांत को लागू किया है।

### केंद्रीय मंत्री चिराग ने की सराहना

केंद्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने लेटरल एंट्री से संबंधित विज्ञापन को रद्द किए जाने की सराहना की। उन्होंने कहा कि इससे केंद्र ने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। पटना में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पासवान ने सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की नौकरशाही में 'लेटरल एंट्री' को लेकर कांग्रेस के नेतृत्व वाले 'इंडिया' गठबंधन द्वारा की जा रही आलोचना पर पलटवार करते हुए आरोप लगाया कि पिछली सरकारें वंचित जातियों के लिए आरक्षित पदों को भरने में विफल रहीं।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले का विरोध

## आरक्षण पर आज भारत बंद, छग के आदिवासी जिले होंगे प्रभावित!




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एससी-एसटी के आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लेकर 21 अगस्त को 'भारत बंद' का ऐलान किया गया है। आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति ने एससी-एसटी आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के विरोध में 21 अगस्त को भारत बंद की घोषणा की है, जो सुबह 6 बजे लेकर रात 8 बजे तक जारी रहेगा। राजस्थान में एससी-एसटी समूहों ने बंद का समर्थन किया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, किसी भी तनाव से बचने के लिए पुलिस को सभी जिलों में तैनाती बढ़ाने के लिए कहा गया है। डीजीपी यूआर साहू ने यह भी कहा कि 'भारत बंद' के संबंध में कानून और व्यवस्था की स्थिति सुनिश्चित करने के लिए एसपी को भी निर्देश दिए गए हैं।

### छग के आदिवासी जिले रहेंगे बंद राजधानी में प्रभाव नहीं

छत्तीसगढ़ के प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने इस बंद को अपना समर्थन नहीं दिया है। स्कूल संगठन का कहना है कि संबंधित दलों और संस्थाओं ने इस संदर्भ में उनसे समर्थन नहीं मांगा है और ना ही किसी तरह की वार्ता की है। छुट्टियों से छात्रों की पढ़ाई प्रभावित होती है, इसलिए बंद का समर्थन नहीं देने का फैसला किया गया है। हालांकि यदि स्कूल चाहें तो अपने स्तर पर अपनी संस्था बंद रख सकते हैं। इसके लिए उन्हें छूट दी गई है। ▶▶| शेष पेज 4 पर

### क्यों किया गया ऐलान

सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने राज्यों को एससी और एसटी समूहों के भीतर सब-कैटेगरी बनाने की अनुमति दी है। इस आदेश में कहा गया, जिन्हें वास्तव में इसकी आवश्यकता है, उन्हें आरक्षण में प्राथमिकता मिलनी चाहिए। इस फैसले ने व्यापक बहस छेड़ दी है। रिपोर्टों में कहा गया है कि भारत बंद का मुख्य उद्देश्य आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को चुनौती देना और इसे उलटने की मांग करना है।

100 से अधिक का यौन शोषण

## अजमेर ब्लैकमेल कांड में छह दोषियों को उम्रकैद

एजेंसी ▶▶| जयपुर



अजमेर की एक विशेष अदालत ने 1992 के बहुचर्चित ब्लैकमेल व यौन शोषण कांड में छह शेष और आरोपियों को दोषी मानते हुए उन्हें मंगलवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। दोषियों पर पांच-पांच लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। इस बहुचर्चित कांड में अजमेर शहर की 100 से अधिक लड़कियों का यौन शोषण किया गया था। अभियोजन पक्ष के वकील वीरेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की सुनवाई पॉक्सो अदालत में हो रही थी। न्यायाधीश रंजन सिंह ने छह आरोपियों को अपराध में शामिल होने का दोषी ठहराया और फैसला सुनाया। साल 1992 के इस कुख्यात मामले में आठ दोषियों को 1998 में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी, एक को 2007 में यही सजा दी गई थी और छह को मंगलवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। सिंह ने बताया कि एक आरोपी ने 1994 में आत्महत्या कर ली थी और एक आरोपी अब भी फरार है। इस मामले में कुल 18 आरोपी थे। वीरेंद्र सिंह के अनुसार, पहला आरोप पत्र 12 आरोपियों के खिलाफ दाखिल किया गया था।

इनमें से एक आरोपी नसीम उर्फ टार्जन 1994 में फरार हो गया था। जहूर चिश्ती को भारतीय दंड संहिता की धारा 377 (अप्राकृतिक यौन संबंध) का दोषी पाया गया और उसका मामला दूसरी अदालत में स्थानांतरित कर दिया गया।

### क्या है मामला

11 से 20 साल की उम्र की पीड़ित लड़कियां अजमेर के एक मशहूर निजी स्कूल में पढ़ती थीं। उन्हें एक फार्म हाउस में बुलाया गया, जहां उनके साथ दुष्कर्म किया गया। उन्होंने कहा कि अदालत ने नफीस चिश्ती, नसीम उर्फ टार्जन, सलीम चिश्ती, इकबाल भाटी, सोहेल गनी और सैयद ज़मीर हुसैन सहित प्रत्येक दोषी पर पांच लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया। एक दोषी इकबाल भाटी को अदालत में पेश होने के लिए एंबुलेंस में दिल्ली से अजमेर लाया गया था।

### नौ दोषियों को पहले मिली थी सजा

असल में साल 1992 के इस कुख्यात मामले में आठ दोषियों को 1998 में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी, एक को 2007 में यही सजा दी गई थी और छह को मंगलवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई. सिंह ने बताया कि एक आरोपी ने 1994 में आत्महत्या कर ली थी और एक आरोपी अब भी फरार है. इस मामले में कुल 18 आरोपी थे।

शराब घोटाला मामला

## टुटेजा, ढेबर सहित सभी आरोपियों की याचिकाएं एक साथ खारिज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

प्रदेश के चर्चित शराब घोटाला मामले में फंसे सभी आरोपियों की याचिकाओं को हाईकोर्ट ने एक साथ खारिज कर दिया है। फैसले के बाद पूर्व आईएस अनिल टुटेजा, अरुणपति त्रिपाठी, ▶▶| शेष पेज 4 पर

- आरोपियों ने ईडी, एसीबी और ईओडब्ल्यू की एफआईआर को चुनौती दी थी

### हाईकोर्ट ने सुरक्षित रखा था फैसला

पिछले 10 जुलाई को सभी पक्षों को सुनने के बाद हाईकोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था, जिस पर आज मंगलवार को फैसला आया और सभी याचिकाएं एक साथ खारिज कर दी गईं हैं।

## ट्रक से टकराया ऑटो-रिक्शा, सात श्रद्धालुओं की मौत, छह घायल

एजेंसी ▶▶| छतरपुर

मप्र छतरपुर जिले में मंगलवार सुबह एक ऑटो-रिक्शा सड़क के किनारे खड़े ट्रक से टकरा गया। इस हादसे से एक वर्षीय बच्चे समेत सात लोगों की मौत हो गई और छह अन्य लोग घायल हो गए। यह दुर्घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र में उस समय हुई, जब ऑटो-रिक्शा सुबह करीब पांच बजे खजुराहो-झांसी राजमार्ग पर बागेश्वर धाम की ओर जा रहा था। एसपी अगम जैन ने बताया, ऑटो-रिक्शा में 13 लोग सवार थे और झांसी-खजुराहो मार्ग पर एक ट्रक से टकराने के बाद सात की मौत हो गई, जबकि छह अन्य घायल हो गए।



### इनकी हो गई मौत

हादसे में मारे गए लोगों की पहचान ऑटो-रिक्शा चालक प्रेम नारायण (46), एक वर्षीय आसमा, जनार्दन यादव (45), मनु श्रीवास्तव (25), गोविंद श्रीवास्तव (35), नन्नी बुआ (42) और लालू के रूप में हुई है।

वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए हुए पेश

## देवेंद्र यादव की रिमांड अवधि 27 तक बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/बलौदाबाजार



भिलाई नगर के विधायक देवेंद्र यादव की रिमांड अवधि न्यायालय ने 27 अगस्त तक बढ़ा दी है। गौरतलब है कि 17 अगस्त को सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा देवेंद्र यादव को भिलाई स्थित उनके निवास से गिरफ्तार कर बलौदाबाजार सीजेएम कोर्ट में पेश किया गया था, जहां से न्यायालय द्वारा उन्हें 20 अगस्त तक न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया गया। न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने के कारण मंगलवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए श्री यादव को बलौदाबाजार ▶▶| शेष पेज 4 पर

जो दरें पहले लागू थीं, अब भी लगभग उतनी ही

# एक साल के लिए शराब की कीमतें तय, 1 सितंबर से लागू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

छत्तीसगढ़ में सरकारी शराब बिक्री में नई पारदर्शी व्यवस्था लागू करने के बाद अब एक सितंबर से विदेशी शराब और बीयर की फुटकर बिक्री के लिए नई दरें लागू लागू कर दी गई हैं। मूल्य सूची के जानकारों की मानें, तो शराब के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया गया है। आमतौर पर जो दरें पहले लागू थीं, वह भी लगभग उतनी ही हैं। नई दरें अगले साल 31 मार्च 2025 तक लागू रहेंगी।

छत्तीसगढ़ सरकार के वाणिज्यक कर (आबकारी) विभाग द्वारा इस संबंध में प्रदेश के सभी कलेक्टरों के लिए आदेश जारी किया गया है। आदेश में कहा गया है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 की शेष अवधि 1 सितंबर ▶▶| शेष पेज 4 पर



### ब्रेवरेज कार्पोरेशन के लिए है ये निर्देश

आबकारी विभाग द्वारा नई दरें के संबंध में जारी निर्देश में ब्रवरेज कार्पोरेशन के लिए निर्देश दिया गया है कि फुटकर विक्रयदर को निगम के गोदामों में संग्रहित मदिरा के लेबल पर सुस्पष्ट बड़े अंकों में दर्शित स्टिकर चस्पा करने के बाद ही विदेशी मदिरा की दुकानों के लिये प्रदाय करें। मदिरा दुकान निरीक्षण दौरान ▶▶| शेष पेज 4 पर

### कुछ प्रचलित ब्रांड की शराब के रेट (बॉटल)

| | |
|---|---|
| रॉयल चैलेंज | 1040 |
| मैक्डोनॉल्ड नंबर वन | 840 |
| रॉयल ग्रीन | 1000 |
| ओल्ड मंक | 1000 |
| सिग्नेचर | 1360 |
| एनटीकिटी विह्सकी | 1440 |
| जॉनी वॉकर | 10840 |
| जॉनी वॉकर ब्लूलेवल | 24550 |
| द सिंगल मॉल्ट | 15000 |
| रॉयल सेल्यूट विह्सकी | 18700 |

**बीयर**

| | |
|---|---|
| किंगफिशर 650 एमल | 220 |
| सिम्बा 500 एमल केन | 170 |



## चिंतन

# छात्राओं के लिए महफूज क्यों नहीं शिक्षालय

स्कूल, कालेज, यूनिवर्सिटी, वर्कप्लेस, पब्लिक प्लेस, घर, कहीं भी बच्ची-लड़कियां-महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। हाल के वर्षों में समाज में यौन विकृति इस कदर बढ़ी है कि चार माह से चार साल की बच्ची भी सुरक्षित नहीं हैं और 60 वर्ष 80 वर्ष की महिलाएं भी सुरक्षित नहीं है। हर तरफ से जब यौन हिंसा की घटनाएं सामने आती है, तो लगता है कि समूचा समाज बीमार है। कोलकाता रेप-मर्डर कांड से देश आलोड़ित-आंदोलित है ही, अब महाराष्ट्र के ठाणे जिले के बदलापुर में एक स्कूल में करीब तीन व चार वर्ष की दो मासूम छात्राओं के साथ यौन उत्पीड़न की घटना दिल दहला देने वाली है। कोलकाता की मेडिकल छात्रा के साथ दरिंदगी के बाद से अब तक ही देश के विभिन्न हिस्सों में शिक्षण संस्थानों में यौन उत्पीड़न की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। कोलकाता रेप व मर्डर कांड की अभी सीबीआई जांच हो रही है, इस पर सुप्रीम कोर्ट भी सख्त है, कोलकाता हाईकोर्ट ने भी पश्चिम बंगाल सरकार को कटघरे में खड़ा किया है, लेकिन चिंता की बात है कि कठोर कानून के बावजूद शिक्षण संस्थानों में बच्चियों का यौन उत्पीड़न नहीं रुक रहा है। बदलापुर स्कूल घटना में स्कूल प्रबंधन से लेकर पुलिस प्रशासन तक सब लापरवाह नजर आए, अब जब मामले ने तूल पकड़ा है तो सब एक्शन मोड में लग रहे हैं, सवाल है कि अगर स्कूल-कालेज सुरक्षित नहीं रहेंगे तो बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसे अभियान कैसे आगे बढ़ेंगे। समाज में महिलाओं के साथ घरेलू हिंसा से लेकर यौन हिंसा की लोमहर्षक घटनाएं घट रही हैं। कानून, प्रशासन, प्रबंधन, समाज, परिवार सब मूक दर्शक बने रहते हैं। यौन उत्पीड़न के खिलाफ जनता जब आक्रोशित होती है, तो प्रबंधन-प्रशासन की आंख खुलती है। भारत, बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार के प्रति देश की प्रतिक्रिया पर आउट ऑफ द शैडो इंडेक्स में 58.2 के स्कोर के साथ 60 देशों में से 15 वें स्थान पर है। इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट द्वारा विकसित आउट ऑफ द शैडो इंडेक्स, यह मापता है कि राष्ट्र बाल यौन शोषण और उत्पीड़न की समस्या को कैसे एड्रेस कर रहा है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने बच्चों के शोषण एवं ऑनलाइन यौन दुर्व्यवहार के विरुद्ध राष्ट्रीय स्तर पर एक प्रणाली बनाई है, जिसमें बच्चों के माता-पिता, स्कूलों, समुदायों, गैर-सरकारी संगठनों, स्थानीय सरकारों के साथ-साथ पुलिस व वकीलों को भी शामिल किया गया है। बच्चों के साथ शारीरिक, मानसिक, यौनिक अथवा भावनात्मक स्तर पर किया जाने वाला दुर्व्यवहार बाल दुर्व्यवहार कहलाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार विश्व में 18 वर्ष से कम उम्र के 7.9 प्रतिशत लड़के एवं 19.7 प्रतिशत लड़कियां यौन हिंसा की शिकार हैं। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा भारत के 13 राज्यों पर किये गए अध्ययन में 21 प्रतिशत लोगों ने बचपन में गंभीर यौन शोषण की बात स्वीकारी। बाल अधिकारों की रक्षा के लिये 'संयुक्त राष्ट्र का बाल अधिकार कन्वेंशन (सीआरसी)' एक अंतर्राष्ट्रीय समझौता है, जो सदस्य देशों को कानूनी रूप से बाल अधिकारों की रक्षा के लिए बाध्य करता है। भारत में बाल यौन शोषण एवं दुर्व्यवहार के ख़िलाफ सबसे प्रमुख कानून 2012 में पारित यौन अपराध के ख़िलाफ बच्चों का संरक्षण कानून (पोक्सो) है। इसमें अपराधों को चिह्नित कर उनके लिए सख्त सजा निर्धारित की गई है। साथ ही त्वरित सुनवाई के लिये स्पेशल कोर्ट का भी प्रावधान है। आज जरूरत दोषियों को सख्त सजा देने व शिक्षालयों को छात्राओं के लिए सुरक्षित बनाने की है। सरकार को शिक्ष संस्थानों को महफूज बनाने के लिए मैकेनिज्म तैयार करना चाहिए।



जम्मू-कश्मीर

प्रमोद भार्गव

# नए भूगोल में पहले चुनाव पर निगाहें

25 जुलाई 2024 की स्थिति में जम्मू-कश्मीर में कुल मतदाता 87.09 लाख हैं। जो तीन चरणों में होने वाले चुनाव में मतदान कर नई सरकार चुनेंगे। 5 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर को केंद्र शासित प्रदेश घोषित करने के साथ राज्य दो हिस्सों जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में विभाजित हो गया। जम्मू-कश्मीर को विधानसभा का दर्जा दिया गया है, जबकि लद्दाख में कोई विधानसभा नहीं है। यहां दिल्ली एवं चंडीगढ़ की तरह राज्यपाल सत्ता शक्ति के प्रमुख केंद्र रहेंगे। जम्मू-कश्मीर में आजादी के बाद पहली बार समग्र समाजों को मिले मतदान के अधिकार के साथ विधानसभा चुनाव होगा। अभी तक यहां दलित एवं जनजातीय समुदायों को मताधिकार ही प्राप्त नहीं था। इस चुनाव पर सबकी निगाहें हैं।

जम्मू-कश्मीर में आजादी के बाद पहली बार समग्र समाजों को मिले मतदान के अधिकार के साथ विधानसभा चुनाव होगा। अभी तक यहां दलित एवं जनजातीय समुदायों को मताधिकार ही प्राप्त नहीं था। जबकि अब उन्हें आरक्षण का लाभ भी मिलेगा। यहां का भूपरिदृश्य बदलने एवं धारा-370 और 35-ए हटने के बाद 18 एवं 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को मतदान होगा। 4 अक्टूबर को चुनाव परिणाम घोषित होंगे। जहां तक केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर का सवाल है, वहां 10 साल बाद चुनाव होने जा रहा है। इसके पहले 2014 में चुनाव हुए थे, जिसमें किसी भी दल को बहुमत नहीं मिला था। नतीजतन भाजपा और पीडीपी ने मिलकर कुछ समय गठबंधन सरकार बनाई और चलाई। 2019 में जम्मू-कश्मीर में लागू विशेष अनुच्छेद 370 संसदीय कार्यवाही पूरी कर खत्म कर दिया गया था। इसके बाद कांग्रेस समेत कश्मीर के दो राजनैतिक-पारिवारिक दल फारूक और मुफ्ती परिवार के मुखियाओं ने घाटी में अशांति बढ़ने की आशंका जताई थी। लेकिन वहां तब से शांति की बहाली तो है ही, पर्यटन से लोगों को खूब रोजगार मिला और अर्थव्यवस्था में गति आई। कश्मीर के आम नागरिकों ने पाकिस्तान पोषित आतंकवादियों को जता दिया कि वे इस अराजकता से तंग आ चुके हैं। यह कितना विडंबनापूर्ण है कि जिस पाकिस्तान में लोकतंत्र फौज की कठपुतली बना रहकर भुखमरी के कगार पर खड़ा है, वह भारत से आतंकवाद के बहाने छायायुद्ध लड़ने से बाज नहीं आ रहा है। आषंका है कि चुनाव की घोषणा के बाद आतंकी घटनाओं की संख्या बढ़ती दिखे? लेकिन यही वह समय होगा जब कश्मीर की जनता न केवल पाकिस्तान को जवाब देगी, बल्कि कश्मीर में अलगाव और परिवारवाद का खेल खेलते रहे मुखौटाधारियों को भी सबक सिखाएगी।

25 जुलाई 2024 की स्थिति में जम्मू-कश्मीर में कुल मतदाता 87.09 लाख हैं। जो तीन चरणों में होने वाले चुनाव में मतदान कर नई सरकार चुनेंगे। 5 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर को केंद्र शासित प्रदेश घोषित करने के साथ राज्य दो हिस्सों जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में विभाजित हो गया। जम्मू-कश्मीर को विधानसभा का दर्जा दिया गया है, जबकि लद्दाख में कोई विधानसभा नहीं है। यहां दिल्ली एवं चंडीगढ़ की तरह राज्यपाल सत्ता शक्ति के प्रमुख केंद्र रहेंगे। जम्मू-कश्मीर के बंटवारे और विधानसभा सीटों के विभाजन संबंधी पुनर्गठन विधेयक-2019 के लागू होने के बाद इस राज्य की भूमि का ही नहीं राजनीति का भी भूगोल बदल गया। नए सिरे से किए गए परिसीमन के बाद यहां 7 विधानसभा सीटों की बढ़ोत्तरी हुई है। राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में मौजूदा आबादी और उसका लोकसभा एवं विधानसभा क्षेत्रों में प्रतिनिधित्व का आकलन आयोग ने किया था। साथ ही राज्य में अनुसूचित व अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित सीटों को सुरक्षित करने का भी अहम् निर्णय लिया। यानी सही मायनों में परिसीमन के नए परिणामों से भौगोलिक, सांप्रदायिक और जातिगत असमानताएं तो दूर हुईं ही हैं, अनुसूचित जाति व जनजातियों के लिए सीटें भी आरक्षित कर दी गई हैं।



अब जम्मू-कश्मीर में कुल 114 सीटें हैं, जिनमें से 90 सीटों पर चुनाव होंगे। इनमें 43 सीटें जम्मू और 47 सीटें कश्मीर में हैं। 24 सीटें गुलाम जम्मू-कश्मीर के लिए सुरक्षित हैं। जिन पर चुनाव नहीं होना है। 16 सीटें अनुसूचित जाति और जनजातियों के लिए आरक्षित की गई हैं। इनमें से सात अनुसूचित जाति और 9 अनुसूजित जनजाती के लिए सुरक्षित हैं। विधानसभा के पांच सदस्य उप राज्यपाल को मनोनीत करने का अधिकार भी दिया गया है। इनमें से दो कश्मीरी प्रवासी यानी कश्मीरी पंडित होंगे। एक गुलाम कश्मीर से विस्थापित व्यक्ति को मनोनीत किया जाएगा। दो सदस्य महिलाएं मनोनीत होंगी। कश्मीर का प्रवासी उन्हें माना जाएगा, जिन्होंने 1 नबंवर 1989 के बाद घाटी से पलायन किया हो और उनका नाम राहत आयुक्त के रजिस्टर में दर्ज हो। जो भी व्यक्ति 1947-48, 1965 और 1971 के बाद वहां से पलायन कर भारत आए हैं, उन्हें विस्थापित माना जाएगा। आजादी के बाद जम्मू-कश्मीर में ऐसा पहली बार होगा, कि वाल्मिकी, गोरखा समाज और पाकिस्तान से आए विस्थापित पहली बार मतदान करेंगे। अन्य राज्यों के ऐसे लोग भी मतदान कर सकेंगे, जिनके पास प्रदेश का अधिवास पत्र व मतदान का अधिकार है। गुर्ज्जर - बक्करवाल और पहाड़ी क्षेत्रों में रहने वाला जनजातीय समुदाय (अनुसूचित जनजाति) के लिए 9 विधानसभा क्षेत्र आरक्षित हैं। साथ ही अनुसूचित जाति के लिए भी 7 विधानसभा क्षेत्र सुरक्षित हैं। अतएव जिन लोगों को बीते 78 साल से घाटी के मूल निवासी होने के बावजूद न तो चुनाव लड़ने का अधिकार था और न ही मतदान का,अब उनको अवसर मिलेगा। अब तक कश्मीर में एक भी सीट पर जातिगत आरक्षण की सुविधा नहीं थी, जबकि इस क्षेत्र में 11 प्रतिशत गुर्जर बक्करवाल और गद्दी जनजाति समुदायों की बड़ी आबादी निवास करती है। अब ये समुदाय बढ़-चढ़कर चुनाव में भागीदारी कर अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ते हुए परिवार और अलगाववाद के लिए चुनौती बनते दिखाई दे सकते हैं।

जम्मू-कश्मीर में अंतिम बार 1995 में परिसीमन हुआ था। राज्य का विलोपित संविधान कहता था कि हर 10 साल में परिसीमन जारी रखते हुए जनसंख्या के घनत्व के आधार पर विधान व लोकसभा क्षेत्रों का निर्धारण होना चाहिए। इस परिसीमन का भी यही समावेशी नजारिया रहा। जिससे बीते 10 साल में यदि जनसंख्यात्मक घनत्व की दृष्टि से कोई विसंगति उभर आई है, तो वह दूर हो जाए और समरसता पेश आए। इसी आधार पर राज्य में 2005 में परिसीमन होना था, लेकिन 2002 में तत्कालीन मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने राज्य संविधान में संशोधन कर 2026 तक इस पर रोक लगा दी थी। इस हेतु बहाना बनाया कि 2026 के बाद होने वाली जनगणना के प्रासंगिक आंकड़े आने तक परिसीमन नहीं होगा।परिसीमन से पहले जम्मू-कश्मीर में विधानसभा की कुल 111 सीटें थीं। इनमें से 24 सीटें पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) क्षेत्र में आती हैं। इस उम्मीद के चलते ये सीटें खाली रहती हैं कि एक न एक दिन पीओके भारत के कब्जे में आ जाएगा। बाकी 87 सीटों पर चुनाव होता है। अब तक कश्मीर यानी घाटी में 46, जम्मू में 37 और लद्दाख में 4 विधानसभा सीटें थीं। 2011 की जनगण्ना के आधार पर राज्य में जम्मू संभाग की जनसंख्या 42.89 प्रतिशत आबादी है। इस क्षेत्र में विधानसभा की 37 सीटें आती थीं। दूसरी तरफ कश्मीर घाटी की आबादी 68 लाख 88 हजार 475 है। प्रदेश की आबादी का यह 54.93 प्रतिशत भाग है। कश्मीर संभाग का क्षेत्रफल राज्य के क्षेत्रफल का 15.73 प्रतिशत है। यहां से कुल 46 विधायक चुने जाते थे। साफ है, जनसंख्यात्मक घनत्व और संभागबार भौगोलिक अनुपात में बड़ी असमानता थी, इसे दूर किया गया है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

महाराष्ट्र

डा. रमेश ठाकुर



# मराठा आंदोलन के शोर में भाजपा का देवेन्द्र पर भरोसा

महाराष्ट्र में विधानसभा का चुनावी बिगुल बजने को है। तारीखों का ऐलान चुनाव आयोग कभी भी कर सकता है। लेकिन महाराष्ट्र में इस बार का चुनाव किसी भी दल के लिए आसान नहीं होने वाला है। क्योंकि महाराष्ट्र की राजनीति बीते कई महीनों से धधकता मराठा आरक्षण आंदोलन बड़ा मुद्दा बनकर उभरा हुआ है। मराठा चेहरा बने मनोज जरांगे पाटिल लंबे समय से आंदोलित हैं। उनके समर्थन में मराठा समुदाय की बड़ी आबादी उनके साथ है, जो राज्य की राजनीतिक दिशा देने में काफी प्रभावशाली है। ऐसे में कोई भी दल उनकी उपेक्षा नहीं करना चाहेगा। सभी जानते हैं कि स्थानीय मराठा समुदाय, कांग्रेस-एनसीपी का बड़ा वोट बैंक रहा है। दूसरी तरफ, 1980 में भाजपा की स्थापना के बाद से ही इसके नेताओं ने राज्य के ओबीसी वर्ग पर ध्यान केंद्रित किया। भाजपा नेताओं ने माली, धनगर और बंजारा समुदाय से तीन नेताओं एनएस फरांदे, अन्ना डांगे और गोपीनाथ मुंडे को आगे कर 'माधव' समीकरण की रचना की। तब छगन भुजबल जैसे ओबीसी नेता शिवसेना में हुआ करते थे, इसलिए शिवसेना का वोट बैंक भी कमोवेश ओबीसी वाला ही था। पर, अब तक राजनीतिक रूप से आमने-सामने होने के बावजूद मराठा और ओबीसी में टकराव की ऐसी स्थिति कभी दिखाई नहीं दी, जैसी मराठा चेहरा बने मनोज जरांगे पाटिल के आंदोलन से दिखने लगी है।



गौरतलब है कि अगर मराठा आंदोलन यूं ही बढ़ा है तो यह राज्य में भाजपा, शिवसेना और एनसीपी तीनों के लिए ये बड़ा सिरदर्द साबित होगा। भाजपा का शीर्ष नेतृत्व कई मर्तबा इसको लेकर कोई विकल्प निकालने की बात कह चुका है। पिछले दिनों गृह मंत्री अमित शाह ने डिप्टी सीएम देवेंद्र फड़णवीस को आगे कर राज्य में पार्टी नेताओं से बात करने और आरक्षण का मुद्दा कानून के दायरे में रहकर सुलझाने को कहा था। राज्य में 40 फीसदी से अधिक आबादी ओबीसी से ताल्लुक रखती है। जबकि, 30-35 फीसदी आबादी मराठों की है। ओबीसी अपने कोटे को कम नहीं करना चाहती हैं। राज्य में मराठा आंदोलन विवाद बढ़ने के लिए भाजपा शरद पवार को दोषी ठहराती है। कुछ दिन पहले देवेंद्र फड़णवीस ने कह भी दिया था कि अतीत में मराठा आरक्षण का सबसे ज्यादा विरोध एनसीपी नेता शरद पवार ने किया था। कहा कि अगर पवार ने राजनीतिक इच्छा शक्ति दिखाई होती तो मराठा आरक्षण 1992 में ही मंडल आयोग के साथ लागू हो जाता।

शरद पवार मराठवाड़ा क्षेत्र से आते हैं और वे सिर्फ भाजपा के ही निशाने पर नहीं हैं, बल्कि महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना नेता राज ठाकरे ने भी उनकी कड़ी आलोचना की है। राज ठाकरे ने दावा किया कि उद्धव और शरद पवार मनोज जरांगे के नेतृत्व वाले आरक्षण आंदोलन का इस्तेमाल जातिगत राजनीति के रूप में भी करेंगे। हालांकि शरद पवार का मत है कि मराठा आरक्षण मुद्दा मौजूदा राज्य सरकार की नाकामी से उभरा है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और दोनों डिप्टी सीएम देवेंद्र फड़णवीस और अजित पवार को मनोज जरांगे पाटिल के साथ बैठक कर बीच का रास्ता निकालना चाहिए था। बहरहाल, महाराष्ट्र में करीब 30-35 फीसदी मराठों के चलते मौजूदा विधानसभा चुनाव में ये आंदोलन महत्वपूर्ण मुद्दा बन गया है। महाराष्ट्र विधानसभा में कुल 288 सीटें हैं जिनमें मौजूदा महायुति की सरकार में भाजपा को ऐसी उम्मीद है कि ग्रामीण स्तर पर मराठा बनाम ओबीसी के ध्रुवीकरण को कम करने में कामयाब रही तो इससे उसे पार्टी को आगे बढ़ाने में मदद मिल सकती है। हालांकि अब ये तय हो चुका है भाजपा अगला चुनाव फड़णवीस की अगुआई में चुनाव लड़ेगी। भाजपा ने इस बार 125 सीटें जीतने का टारगेट रखा है और महायुति के साथ मिलकर 200 सीटें। भाजपा करीब 170 सीटों पर चुनाव लड़ना चाहेगी, लेकिन बाकी दोनों दल शिवसेना (शिंदे गुट) और एनसीपी (अजित पवार गुट) उसे इतनी सीटों पर अकेले उतरने का मौका देंगी, इसमें गहरा संदेह है। इसके साथ ही भाजपा के अंदर भी नेतृत्व करने का संघर्ष चल रहा है, लेकिन पार्टी देवेंद्र फड़णवीस को ही आगे करना चाहेगी। फड़णवीस मौजूदा परिस्थियों का कितना मुकाबला कर पाएंगे, ये तो वक्त ही बताएगा। पर, पार्टी को भरोसा है कि वह मराठा आरक्षण विवाद और राज्य में शरद पवार और उद्धव ठाकरे के सामने मजबूती से मुकाबला कर लेंगे। क्योंकि उन्हें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का समर्थन भी हासिल है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## छोटे-छोटे संकल्प हमारी क्षमता बढ़ाते हैं



संकलित

दर्शन

जिस प्रकार किसी भी पूजा को प्रारंभ करने से पूर्व हाथ में जल लेकर संकल्प लिया जाता है उसी प्रकार किसी भी कार्य को करने के लिए उसे करने का संकल्प लिया जाता है। बगैर संकल्प हम आगे नहीं बढ़ सकते हैं। संकल्प लेने के लिए इच्छाशक्ति की जरूरत होती है। संकल्प के पश्चात प्रयास प्रारंभ होते हैं। जब संकल्प दृढ़ होता है तो प्रयास को हिम्मत मिलती है, विजय की राह आसान हो जाती है। हमारी सफलता हमारे संकल्प पर निर्भर करती है। हम जितना भरोसा अपने संकल्प पर करेंगे उसी अनुपात में हमें सफलता प्राप्त होगी। यदि हमारा संकल्प विजय का है तो हमारी सफलता भी निश्चित है। संकल्प सकारात्मक ऊर्जा के रूप में सह प्रेरक का काम करता है। जीवन में छोटे-छोटे संकल्प लेते रहना चाहिए। जब हम छोटे-छोटे संकल्पों को पूर्ण करते हैं तो आत्मविश्वास और हमारी क्षमता में वृद्धि होती है। दृढ़ संकल्प में असीम शक्ति होती है, जो व्यक्ति को किसी भी प्रकार की बाधाओं से जूझने में सक्षम बनाती है। हालांकि, संकल्प लेकर उन्हें भूलना भी आम बात है। अक्सर हम देखते हैं कि नशे के आदी लोग रोज संकल्प लेते हैं कि वे अब आगे से नशा नहीं करेंगे, किंतु वे ऐसा नहीं कर पाते हैं, क्योंकि उनके संकल्प में दृढ़ता की कमी होती है। दृढ़ संकल्प शक्ति जीवन में सफलता प्राप्त करने का मूल मंत्र है। जो संकल्प के साथ जीता है वह साधक होता है। कहते हैं कि एक सफल और असफल व्यक्ति के बीच में न तो योग्यता का अंतर होता है और न ही ज्ञान का।

## मैं समुद्र के जल को समाप्त कर दूंगी



संकलित

प्रेरणा

अगस्त्य नाम के ऋषि थे वे समुद्र के किनारे कठोर व्रत कर रहे थे, वहां से कुछ दूरी पर एक पक्षी अपने अंडो को से रहा था। उसी समय समुद्र में तूफान सी लहरे उठने लगी पानी चढ़ने लगा और पानी अपने साथ अंडो को बहा ले गया, पक्षी बहुत दुःखी हुआ और उसने प्रतिज्ञा की कि मैं समुद्र के जल को समाप्त कर दूंगी और अपने चोंच में सागर के जल को भर भर कर फेंकने लगी ऐसा करते करते उसे काफी समय बित गया समुद्र का जल घटा ही नही। वह दुःखी मन से अगस्त्य मुनि के पास गई और अपनी व्यथा सुना समुद्र को सुखाने की प्रार्थना की। अगस्त्य मुनि ने ध्यान से पक्षी की व्यथा सुनी और चिंता व्यक्त की। ऋषि विचार करने लगे की मैं कैसे इस पक्षी की सहायता कर सकता हूं। उन्हें चिंता होने लगी की मैं कैसे समुद्र के जल को पी कर सुखा सकूंगा। विचार करते हुए अगस्त्य मुनि ने गणेश जी का स्मरण किया और संकट चतुर्थी व्रत को पूरा किया। तीन मास व्रत करने से गणेश जी प्रसन्न हो गए। गणेशजी ने मुनि का मार्ग प्रशस्त किया चौथ व्रत की कृपा से अगस्त्य मुनि ने प्रेम से समुद्र को पी कर सुखा दिया और पक्षी की प्रतिज्ञा को पूरा किया। प्रतिज्ञा पूरी होने से पक्षी भी खुश हुआ।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### सेहत का दुश्मन है आलस्य

हाल ही में लैंसेट ग्लोबल हेल्थ जर्नल ने एक रिपोर्ट प्रकाशित की है। यह रिपोर्ट 197 देशों के लगभग 57 लाख लोगों की है और इसमें यह बताया गया है कि हमारे देश के लगभग 50 प्रतिशत लोग बहुत कम शारीरिक परिश्रम करते हैं। इनमें लगभग 42 प्रतिशत महिलाओं और 57 प्रतिशत पुरुषों को आलसीपन की श्रेणी में रखा गया है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार हर व्यक्ति को लगभग 20 मिनट कसरत करने की जरूरत होती है।आलस्य बहुत सी जानलेवा बीमारियों को भी दावत देता है, जिनमें मुख्यत: मोटापा, डायबिटीज, हार्ट, बीपी आदि बीमारियां हैं। इसमें कोई शक भी नहीं है कि हमारे देश में इन बीमारियों के रोगियों की संख्या बढ़ती जा रही है। अगर बच्चे खेल के मैदान में नहीं खेलते हैं तो इनके तन-मन के लिए जरा भी उचित नहीं है। - *सुरेश ठाकुर, धमतरी*

## ट्रेंड

### खुशी हो रही



नेपाल के विदेश मंत्री का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। भारत और नेपाल के बीच घनिष्ठ सभ्यतागत संबंध और प्रगतिशील एवं बहुआयामी साझेदारी है। हमारी विकास साझेदारी में निरंतर गति की आशा है।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### इलाज खोज रहे



ब्रायन और सैंड्रा आशा के प्रतीक हैं। जब ब्रायन को एएलएस का पता चला, तो उन्होंने लॉन्च करके त्रासदी को कार्रवाई में बदल दिया और इलाज खोजने के लिए एक आंदोलन का नेतृत्व कर रहे हैं। मैं इन दोनों से प्रेरित हूं। उनकी कहानी खास है, प्रेरणा देती है।
-बराक ओबामा, पूर्व राष्ट्रपति यूएस

### बड़ी हंसी आती है



जिस दिन मेरी जमानत हुई थी, उस दिन सबसे ज़्यादा खुश अरविंद केजरीवाल हुए होंगे। केजरीवाल जी मेरे साथी, भाई और राजनैतिक गुरु हैं। जब भी कोई हमारे बीच दरार होने की बात करता है तो मुझे बड़ी हंसी आती है।
-मनीष सिसोदिया, आप नेता

### सामूहिक उत्सव



एसडीजीएम एक्शन दावत का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित हूं। सेट पर आने के लिए इंतजार नहीं कर सकता। सन्नी देओल और पूरी टीम। जैसा कि वादा किया गया था, यह एक सामूहिक उत्सव होगा।
-रणदीप हुड्डा, अभिनेता

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# हैरिस 'ऐतिहासिक राष्ट्रपति' साबित होंगी : जो बाइडन



अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने सोमवार रात डेमोक्रेटिक पार्टी की कमान आधिकारिक तौर पर उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को सौंप दी। उन्होंने कमला को लोकतंत्र की रक्षा के लिए सबसे उपयुक्त व्यक्ति करार देते हुए कहा कि वह एक 'ऐतिहासिक राष्ट्रपति' साबित होंगी। बाइडन (81) जब शिकागो में आयोजित डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन में पहुंचे, तो वहां मौजूद हजारों नेताओं और कार्यकर्ताओं की भीड़ ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनका स्वागत किया। इस सम्मेलन के दौरान कमला (59) बृहस्पतिवार को आधिकारिक तौर पर डेमोक्रेटिक पार्टी की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी स्वीकार करेंगी। पांच नवंबर को प्रस्तावित राष्ट्रपति चुनाव में उनका मुकाबला रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप (78) से होगा। बाइडन ने उत्साह से भरपूर नेताओं और कार्यकर्ताओं से सवाल किया, "क्या आप कमला हैरिस को अमेरिकी की राष्ट्रपति चुनने के लिए तैयार हैं।" उन्होंने देशवासियों से कमला के पक्ष में मतदान करने की अपील भी की। बाइडन ने दावा किया कि कमला एक 'ऐतिहासिक राष्ट्रपति' साबित होंगी। उन्होंने कहा,मुझे अपने काम से प्यार है। मुझे अपने देश से और भी ज्यादा प्यार है। हमें अपने लोकतंत्र को बचाए रखने की जरूरत है।

## ऑफ बीट

# एआई आईवीएफ भ्रूण भी चुन सकता है



इन विट्रो फर्टिलाइजेशन (आईवीएफ) के दौरान, अंडे और शुक्राणु से कई अलग-अलग भ्रूण तैयार होते हैं। फिर, भ्रूणविज्ञानी चुनते हैं कि उन भ्रूण में से किसमें सफल गर्भावस्था की संभावना सबसे अधिक है और इसे रोगी को स्थानांतरित कर दिया जाता है। भ्रूणविज्ञानी भ्रूण की उपस्थिति के आधार पर व्यापक रूप से स्वीकृत सिद्धांतों के एक सेट को लागू करने के लिए अपनी विशेषज्ञता का उपयोग करके यह विकल्प चुनते हैं। हाल के वर्षों में इस प्रक्रिया में विभिन्न कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) तकनीकों का उपयोग करने में बहुत रुचि रही है। हमने ऐसी एक एआई प्रणाली विकसित की और 1,000 से अधिक आईवीएफ रोगियों के अध्ययन में इसका परीक्षण किया। हमारे सिस्टम ने मानव विशेषज्ञ के रूप में लगभग दो-तिहाई मामलों में एक ही भ्रूण को चुना, और समग्र सफलता दर जरा सी कम थी। परिणाम नेचर मेडिसिन में प्रकाशित हुए हैं। क्या गहन शिक्षण आईवीएफ में मदद कर सकता है? पिछले कुछ वर्षों में, स्वीडन में सहकर्मियों के साथ, हम यह पहचानने के लिए सॉफ्टवेयर विकसित कर रहे हैं कि किस भ्रूण में आईवीएफ की सफलता की सबसे अच्छी संभावना होगी।

तीज तिहार
डा. नीलकंठ देवांगन

# आनंद के उत्सव आय कृष्ण जन्माष्टमी



छत्तीसगढ़ में आठे तिहार, आठे कन्हैया के इंतजार बड़ दिन ले होवत रहिथे। पहिली दिन घर कुरिया, अंगना दुवार ल बहार बटोर, लीप पोत के साफ सुथरा कर डरथे। आठे के दिन बड़े बिहनिया ले नहा खोर के उपास के संकल्प ले के भक्ति भाव ले पूजा पाठ के समान इकट्ठा, तैयारी के बाद पूजा के जगा ल सजाए मे लग जाथे। मंदिर जीहा जन्माष्टमी उत्सव मनाय जाथे, फूल झालर ले सजा के भगवान के मूर्ति के विशेष सिंगार करे जाथे। दिन भर भजन पूजन कीर्तन संग कृष्ण चरित्र के गुणगान, प्रवचन, व्याख्यान होत रीथे। कोनो कोनो मंदिर में राम सत्ता घलाव होथे। कृष्ण के जन्म रतिहा होथे। तब तब कृष्ण प्रेम, भक्ति में रमे धार्मिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम के आनंद लेवत रहीथे।

***सबके घर ओहि गुंजत रहिथे -***
***नंद घर आनंद भयो,***
***जय कन्हैया लाल की।***

मुरलीधर कन्हैया के बाल रूप ल निहारत, पूजा करत सबो आनंद रस में डूबे रहिथे। कृष्ण ल आनंद के घनीभूत स्वरूप कहे जाथे। ओखर नाव सुमरन, जप, कीर्तन, संकीर्तन करत ही चित्त आनंद मगन हो जाथे ।

उपास रहैया मन भगवान के पूजा अर्चना करके, भोग लगाय के बाद प्रसाद अऊ फरहार करथे।

लोक साहित्य
श्यामा सिंह

# छत्तीसगढ़ में केंद्रीय छत्तीसगढ़ी बोली



छत्तीसगढ़ में केंद्रीय छत्तीसगढ़ी या विशुद्ध छत्तीसगढ़ी रायपुर,बिलासपुर के दक्षिण भाग और दुर्ग के पूर्वोत्तर में बोली जाती है। इस बोली का क्षेत्र राजनांदगांव, दुर्ग,रायपुर की छत्तीसगढ़ी और रायगढ़ , मुंगेली में बोली जाने वाली छत्तीसगढ़ी से थोड़ी भिन्नता है। यह भिन्नता ध्वनिगत परिवर्तन भौगोलिक सीमांत के बोलियों के संपर्क के कारण पाया जाता है। इस वर्ग में कवर्धाई, कांकेरी,खैरागढ़ी, गोरो,गौरिया,केंद्रीय क्षेत्रीय छत्तीसगढ़ी, डांगचगहा, देवार, बोली, धमधी, नांदगाही, पारधी,बहेलिया, बिलासपुरी, बैगानी, रतनपुरी, रायपुरी, शिकारी और सतनामी कुल अठारह बोलियां हैं। जिनमें कवर्धाई, कांकेरी, खैरागढी,बैगानी, डांगचगहा, बहेलिया बोली का प्रभाव स्पष्ट दिखाई देता है।

## पुस्तक समीक्षा

# मया, मीत, मयारू




कृति के नाव: मया, मीत, मयारू
कृतिकार: आनंद तिवारी पौराणिक
प्रकाशक: वैभव प्रकाशन रायपुर
पुस्तक समीक्षा: डॉ. शैल चंद्रा
मूल्य: एक सौ पचास रुपिया

अपन कविता के माध्यम ले लेखक हा छत्तीसगढ़ के संस्कृति, रीति रिवाज, लोक परम्परा, खानपान, रहन सहन, मेला मड़ई, भासा बोली, तीज तिहार, पहनावा, ओढावा के सुग्घर वर्णन करे हे। हमर समाज के विसंगति जईसे भ्रष्टाचार, हिंसा, आतंकवाद, नशा अऊ अशिक्षा ल अपन कविता में दर्शाय हे। पुतरा दहन ह उत्कृष्ट कोटि के कविता हे।वोमन लिखथे -

कोनो फरक नई परय, आ जाथे फेर
नवा रूप धर के, जरे बर कोनो करा
रोंठ रोंठ पुतरा।

उनकर कविता में अलंकार स्वाभाविक रूप ले आय हे। निःसंदेह इंकर ए किताब छत्तीसगढ़ी साहित्य ल समृद्ध करे मे अपन योगदान दिही।

छत्तीसगढ़ विभिन्न पर्वों और त्यौहारों के लिए प्रख्यात रहा है। छत्तीसगढ़ की पहचान इन्हीं त्यौहारों और पर्वों के कारण बनी हुई हैं। परिणामतः छत्तीसगढ़ अप्रतिम सौन्दर्यवान बन पड़ा है। जहाँ अनन्य आस्था ,भक्ति और श्रद्धा का दर्शन किया जा सकता है। अनन्य आस्था की दिव्य गाथा कहती 'हलषष्ठी' सुदीर्घजीवी संतान प्राप्ति की कामना पर्व ही है।



# संतान प्राप्ति की कामना पर्व हलषष्ठी



परब विशेषः डॉ. राघवेंद्र कुमार 'राज'

भाद्र कृष्ण पक्ष की षष्ठी हलषष्ठी ,'ललही छठ'के रूप में भी जानी जाती है। इसे 'कमरछठ' भी कहा जाता है। इस दिन भगवान कृष्ण जी के ज्येष्ठ भ्राता बलराम जी का जन्म हुआ था। बलराम जी के शस्त्र हल और मुसल होने के कारण इस व्रत का नाम 'हलषष्ठी' पड़ा। इसे 'बलराम जयंती' के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन माताऐं, बहनें और बहू -बेटियें अपनी संतान की लंबी आयु, सुख, शांति और समृद्धि की कामना के साथ उपवास रखती हैं। ये बहनें चना होरा, महुवा, अरहर, मक्का, मूँग, लाई, सुहाग सामग्रियाँ, पीतवर्णी वस्त्र, श्रीफल, काश के फूल, खंभार की पत्तियाँ, विभिन्न प्रकार के फूल, भैस की दूध, दही, मक्खन और घी अर्पित कर पूजन -अर्चन के साथ कथा श्रवण करती हैं और समवेत स्वर में गा उठती हैं। जहाँ लोक आस्था एक बार फिर से जीवंत हो उठती हैं-

"जुग-जुग जीये मोर लोग -लइका दाई।
चड़हावव छे किसिम के भाजी चना गुड़ लाई।
जोड़ हाथ पंइया परत हंव तोर दाई।
असीस देबे सुघ्घर मोर मयारू कमरछठ दाई।"

पौराणिक गाथाओं के अनुसार- एक गर्भवती ग्वालिन गाय की दूध, दही, घी को भैस की दूध, दही, घी बताकर इन व्रती महिलाओं को बेच देती हैं। इस छल -कपटपूर्ण व्यवहार के कारण उसे अपनी संतान खोनी पड़ती है। उसे अपनी भूल की अनुभूति होने पर वह पश्चाताप करती है और क्षमा याचना के साथ उन महिलाओं को गाय की दूध, दही और घी देती हैं। सर्व प्रार्थना और आशीर्वाद के फलस्वरूप उसे पुनः संतान सुख की प्राप्ति होती है। चंदवत नामक राजा ने तालाब का निर्माण करवाया किंतु उसमें पानी नहीं था। स्वप्न में राजा से पुत्र बलि की माँग की गई। राजा ने पुत्र -बलि की माँग की अवहेलना की किंतु राजपुत्र के द्वारा पिता का कर्ज़ चुकाने के लिए स्वबलिदान किया गया। फलस्वरूप तालाब जलमग्न हो चुका। एक भीलनी ने अपनी दासी को जंगल से लकड़ी लाने की बात कही। दासी दोनों बच्चों को अपनी स्वामिनी के संरक्षण में छोड़कर लकड़ी लाने के लिए चल पड़ी। भीलनी दोनों बच्चों को आपस में लड़वाकर मौत की नींद सुला दी।दासी लकड़ी लाती हुई हलषष्ठी मैय्या की पूजा -अर्चना की और श्रद्धा से कथा सुनी। फलस्वरूप घर वापसी पर दासी को दोनों बच्चे खुशहाल मिले।'हलषष्ठी' पर केंद्रित अनेक कथाएँ हैं। ये कथाएँ छल, कपट और धोखाधड़ी से दूर शुद्धाचरण करने का अमृत संदेश देती हैं। समुद्र का छोटा स्वरूप सगरी है। जिसमें जल और श्रीफल के अर्पण से समग्र मनोकामनाएँ पूर्ण होती हैं। ऐसी प्राचीन मान्यताएँ हैं। खंभार की डालियों से दातौन करने की भी पुरानी प्रथा आज पर्यंत चली आ रही है। बिना हल संचालन की भूमि से उपजे पसेर चाँवल और छः प्रकार की भाजी खाकर ये व्रती स्त्रियाँ व्रत का समापन करती हैं।'हलषष्ठी' पवित्र प्रेमपूरित भावना से सम्बद्ध लोकपर्व है। मूल बात तो यह है कि, नारियाँ यह साधना, उपासना, आराधना अपने घर-संसार, बंधुबाँधव और परिवार की खुशहाली के लिए करती है। जिसमें स्वार्थ नहीं परमार्थ झलकता है। अंत में -

***यादों के पन्नों से भरी है ज़िन्दगी। सुख और दुख की पहेली है ज़िन्दगी।***
***कभी अकेले बैठकर सोचो यारों। रिश्तों के बगैर अधूरी है ज़िन्दगी।***

कांगेर घाटी राष्ट्रीयउद्यान का नाम कांगेर नदी से निकला है, जो इसकी लंबाई में बहती है। कांगेर घाटी लगभग 200 वर्ग किलोमीटर में फैला है । कांगेर घाटी ने 1982 में एक राष्ट्रीय उद्यान की स्थिति प्राप्त की। ऊँचे पहाड़ , गहरी घाटियाँ, विशाल पेड़ और मौसमी जंगली फूलों एवं वन्यजीवन की विभिन्न प्रजातियों के लिए यह अनुकूल जगह है ।




# कांगेर घाटी में वन्य जीवों के लिए स्थलः सैरगाह



पर्यटनः विश्वनाथ देवांगन

छत्तीसगढ़ में कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता रहा है। यहां प्राकृतिक बड़े बड़े पर्वत, गुफाएं और वन्य जीव के अलावा प्राकृतिक झरने भी हैं। इस स्थल पर सैरगाह प्राकृतिक वन्य जीवों के लिए सुरक्षित माना जाता है। यहां जंगली जानवरों में हिरण, चीतल, सांभर, नीलगाय, जंगली कुत्ते और दुर्लभ प्रजाति के वन्य जीव पाए जाते हैं। इसके साथ ही अनेक प्रकार के पक्षी के कलरव मन को आनंदित करने वाले होते हैं। इसी तरह रंग बिरंगी तितलियां, अनेक प्रजाति के सांप, बड़े बड़े उल्लुओं को देखा जा सकता है। इनका निवास यहां के पेड़ पौधों की शाखाएं, कंदराओ, गुफाओं, पहाड़ों की चट्टानों की खोहों और दरारों में होता है। इन स्थलों में पर्यटक इन प्राकृतिक रूप से विचरण करने वाले जीव जंतुओं को देखकर आनंदित हो उठते हैं। बरसात के दिनों में कीट पतंगों की और भरमार देखी जाती है।

परंपरा
डा. रामचंद्र सिंहदेव

# कौड़ियों का चलन रहा पहले मुद्रा प्रणाली में




छत्तीसगढ़ में व्यापार पहले वस्तु विनिमय पद्धति द्वारा होता था। कुछ क्षेत्रों में आवश्यक सामग्रियों के लेन देन में कौड़ियों का प्रचलन भी था। 20 वीं शताब्दी में कौड़ियों का प्रचलन समाप्त हो गया और उनका स्थान सिक्कों ने ले लिया। इसके बावजूद वस्तुओं के क्रय विनियम प्रणाली महत्वपूर्ण स्थान पर बनी रही। वनोपजों के बदले नमक दिया जाता था। मजदूरी का भुगतान सामग्री के रूप में किया जाता था। राज्य अपने कर्मचारी का भुगतान सिक्कों में करता था। सरकारी कार्य के वेतन का भुगतान सिक्कों और नोटों से होने लगा। नोटों और सिक्कों के प्रचलन बढ़ते ही विनिमय प्रणाली समाप्त हो गई। द्वितीय युद्ध के समय समस्त प्रकार के व्यापार अथवा व्यवसायों में सिक्कों व नोटों का ही प्रभुत्व बना रहा। ग्रामीण लोग भी अब सिक्के लेना पसंद करने लगे।

कला जगत
डा. संतराम देशमुख

# आंचलिक लोक नाट्य का उदय काल



आंचलिक लोक नाट्य का उदय काल प्रारंभ से लेकर 1930 तक माना गया है। इस समय तक न तो कोई आधुनिकता थी, न नागरीयता दिखाई देती थी। कमोवेश छोटे गांव, कस्बे और छोटे शहर ही छत्तीसगढ़ में हुआ करते थे। न बिजली थी, न मंच की व्यवस्था थी, न लाउड स्पीकर की आवश्यकता थी, न दर्शक दीर्घा में बिछावट करने की चिंता। आम लोगों के मनोरंजनार्थ मुफ्त में अंचल के नामी गिरामी लोक कलाकार अपनी गायन, नर्तन,अभिनय और वादन की विशिष्टताओं का श्रेष्ठ प्रदर्शन करते थे। परी, जोकर, वादक, नर्तक, गायक और अभिनेता के रूप में गम्मत पार्टी के किसी एक मुखिया व्यक्ति के संरक्षण में कलाकारों द्वारा किसी विशिष्ट छोटी बड़ी घटना पर व्यंगात्मक लहजे में प्रहार पर प्रहार किए जाने से समस्या के निवारण की बात स्पष्ट होती थी और दर्शकवृंद शिक्षाप्रद घटनाओं में रची बसी उपदेशात्मक कथा कहानियों में आकंठ डूबे हुए रात रात भर नाचा गम्मत देखते हुए अपने समर्थ कलाकारों की प्रतिभा का लोहा मानते हुए रस ग्रहण करते रहते थे।



## जैकेट के शेष

### नक्सलवाद पर मैराथन ....

नक्सल इलाकों में विकास कार्य केंद्र सरकार की नक्सल उन्मूलन के मामले में बड़ी प्राथमिकता है, इसलिए इस बैठक को भी बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। 25 अगस्त को अमित शाह छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय के साथ छत्तीसगढ़ सरकार के कामकाज की समीक्षा भी करेंगे और फिर दिल्ली लौटेंगे।

### ऐसा होगा कार्यक्रम ....

करेंगे। 24 अगस्त को ही वे अलग-अलग राज्यों के डीजीपी से मिलेंगे और संबंधित राज्यों में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर मंथन करेंगे। 25 अगस्त को गृहमंत्री शाह सुबह 11 बजे नेशनल क्राइम रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के ब्रांच आफिस का उद्घाटन करेंगे। नारकोटिक्स विभाग की समीक्षा करेंगे। वहीं सहकारिता विभाग की बैठक भी लेंगे, फिर दोपहर 2 बजे से 2 घंटे तक छत्तीसगढ़ सरकार के कामकाज की समीक्षा करेंगे। शाम करीब 4 बजे गृहमंत्री अमित शाह दिल्ली लौट जाएंगे।

### बदलापुर में भी ....

करने के निर्देश दिए हैं। शिंदे ने यह भी कहा कि मामले की त्वरित सुनवाई की जाएगी और इसके लिए एक विशेष सरकारी अभियोजक नियुक्त किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा, मैंने ठाणे के पुलिस आयुक्त से बात की है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। मैंने मामले को तेजी से निपटाने और आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म के प्रयास और बाल यौन अपराध संरक्षण अधिनियम (पोक्सो) के तहत मामला दर्ज करने को कहा है। बदलापुर के संबंधित स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के सैकड़ों अभिभावक यौन उत्पीड़न की घटना की निंदा करने और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर मंगलवार सुबह से ही रेलवे स्टेशन पर 'रेल रोको' प्रदर्शन कर रहे हैं। इसके कारण उपनगरीय ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित हुई है। मुख्यमंत्री ने अभिभावकों से संयम रखने की अपील की है। ठाणे के जिला संरक्षक मंत्री शंभुराज देसाई ने इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया।

**टीआई समेत तीन पुलिस अफसर सस्पेंड :** छात्राओं के यौन शोषण की जांच में कथित तौर पर कर्तव्य निर्वहन में लापरवाही के लिए एक वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक सहित तीन पुलिस अधिकारियों को मंगलवार को निलंबित करने का आदेश दिया।

### क्या है पूरा मामला?....

परिवारों ने मेडिकल जांच कराने की मांग की। इसके बाद उन्होंने ठाणे पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस के अनुसार यह मामला पॉक्सो में दर्ज किया गया है। इस घटना पर महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने संज्ञान लिया है। फडणवीस ने घटना की जांच के लिए एसआईटी गठित की है।

### एक और रेप, हत्या का ....

मामले की सुनवाई कर रहा था। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में चिकित्सक के साथ बलात्कार और हत्या की घटना को भयावह बताते हुए उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को मामले में प्राथमिकी दर्ज करने में देरी को लेकर पश्चिम बंगाल सरकार को फटकार लगायी। मामले पर स्वतः संज्ञान लेते हुए उच्चतम न्यायालय ने कहा कि यह घटना पूरे भारत में चिकित्सकों की सुरक्षा के संबंध में व्यवस्थागत मुद्दे को उठाती है। इस घटना पर स्वतः संज्ञान लेने वाली भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि अगर महिलाएं काम पर नहीं जा पा रही हैं और काम करने की स्थितियां सुरक्षित नहीं हैं तो हम उन्हें समानता से वंचित कर रहे हैं। शीर्ष न्यायालय ने बलात्कार-हत्या मामले में प्राथमिकी दर्ज करने में देरी को लेकर पश्चिम बंगाल सरकार की आलोचना करते हुए पूछा कि अस्पताल के प्राधिकारी क्या कर रहे थे? पीठ में न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल हैं।

**नेशनल टास्क फोर्स का गठन :** चिकित्सकों की सुरक्षा और कुशलक्षेम को राष्ट्रीय हित का मामला बताते हुए सुप्रीम कोर्ट ने चिकित्सकों और स्वास्थ्य पेशेवरों की सुरक्षा तथा सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए एक राष्ट्रीय प्रोटोकॉल विकसित करने के वास्ते मंगलवार को 10 सदस्यीय नेशनल टास्क फोर्स गठित की। कोर्ट ने कहा कि यह कार्यबल तीन सप्ताह के भीतर अपनी अंतरिम रिपोर्ट और दो महीने के भीतर अंतिम रिपोर्ट सौंपेगा।

### मशाल जुलूस के .....

इसी क्रम में आज कोलकाता की सड़कों पर लेखिका समुदाय के सदस्यों ने छात्रों के साथ मिलकर मशाल जुलूस निकाला।

### डबरी में डूबकर ...

अपने साथ खेत ले गये थे। उसके बाद परिजन खेती कार्य में व्यस्त हो गए। इस बीच दोनों बच्चे खेत से खेलते खेलते घर लौटते वक्त घर के पास बने डबरी में उतर गए।

### खेती कार्य में ....

बच्चे डूबे दिखाई दिए। बच्चों को डबरी से निकाल कर अस्पताल ले जाया गया, जहां दोनों की मौत होने की जानकारी दी गई। पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है

### जहां भाजपा कमजोर ....

फिर से सभी को सदस्य बनाकर, भारत के विकसित देश बनने की यात्रा में सहभागी बनाना है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, सभी कार्यकर्ताओं को समय देकर इस अभियान को सफल बनाना है। सदस्यता अभियान में हमें उन क्षेत्रों पर फोकस करना है, जहां हम कमजोर रहते हैं और सभी समाज व सभी वर्गों का समर्थन हासिल करना है। भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री ने कहा, आज भाजपा, कार्यकर्ताओं की तपस्या और त्याग के बल पर ही सबसे बड़ी पार्टी बनी है। हमने कभी विचारधारा के साथ कोई समझौता नहीं किया। धारा 370 खत्म करके, लाल चौक पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर हमने अपनी इसी वैचारिक प्रतिबद्धता का परिचय दिया है। एक पर्व की तरह हम इस सदस्यता अभियान को मनाएं। श्री सिंह ने 2014, 2019 से लेकर अब तक के सदस्यता अभियान की जानकारी देकर बताया कि पार्टी की सदस्यता ऑनलाइन इस बार भी होगी। सदस्यता के लिए जाते समय साहित्य के साथ सरकार की उपलब्धियां बताना है और पार्टी के उत्कृष्ट चाल, चरित्र, चेहरे के बारे में भी बताएं। बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय और सदस्यता अभियान के प्रदेश प्रभारी अनुराग सिंहदेव ने उपस्थित पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों का मार्गदर्शन किया।

**हर लोकसभा में 100 विशिष्ट जनों को सदस्य बनाएंगे :** उन्होंने कहा, सदस्यता विस्तारक अब सदस्यता सहयोगी होंगे। सभी बूथों पर सांसदों, विधायकों, जिला पंचायत अध्यक्षों, महापौर को भी लक्ष्य दिए जाएंगे और सभी बूथ स्तर तक जाएंगे। प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में 100 विशिष्ट जनों को सदस्य बनाना है। अटल जन्म शताब्दी वर्ष के निमित्त 20 सदस्य बनाना है। इसके बाद सक्रिय सदस्यता के लिए काम होगा। सक्रिय सदस्य के संबंध में प्रदेश और जिला अध्यक्ष निर्णय लेंगे।

### रक्षाबंधन मनाने हॉस्टल .....

मान्यता अमरिया पिता ठेलसिंह उमरिया उम्र 12 वर्ष निवासी मोहड़ थाना अंबागढ़ चौकी तथा सपना जाड़े पिता भारत जाड़े ग्राम परालझरी टोहे थाना मानपुर जिला मुख्यालय में स्थित प्री मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास में अध्ययनरत थी। रक्षाबंधन की छुट्टी में शनिवार 17 अगस्त को दोनों बच्चियां अपने परिजनों के साथ अपने-अपने घर गई और तबीयत बिगड़ने पर दोनों छात्रों को रक्षा बंधन की रात संदिग्ध मौत हो गई। आज दोनों छात्राओं की ग्राम मोहड़ व परालझरी में अंतिम संस्कार किया गया है। हॉस्टल में अध्ययनरत दो दो छात्राओं की संदिग्ध मौत पर हॉस्टल वार्डन श्रद्धा देशमुख का कहना है कि सातवीं कक्षा की छात्रा का हार्ट अटैक से मौत हुआ है और वहीं दसवीं कक्षा के छात्र की झोला छाप डॉक्टर से इलाज कराने के कारण मौत हुई है।

**हॉस्टल में स्वस्थ थे बच्चे :** छठवीं कक्षा की बच्ची का मौत हार्ट अटैक से हुई है वहीं दसवीं कक्षा की बच्ची का झोलाछाप डॉक्टरों से इलाज करवाने के दौरान मौत हुआ है। दोनों बच्चे हास्टल में पूरी तरह स्वस्थ थे।

**- श्रद्धा देशमुख,**
वार्डन, कन्या छात्रावास

### बूथ स्तर तक ....

हैं। इस बार के सदस्यता अभियान में एकदम सटीक डाटा मिले, इसके लिए बूथ स्तर तक प्रवास करके सदस्यता अभियान को पूर्ण करना है।

### समाज के सभी वर्गों ....

रहीं हैं और भ्रष्टाचार के दोषी सीखचों के पीछे जा रहे हैं। इस तरह भाजपा के प्रति बढ़ते विश्वासपूर्ण वातावरण का लाभ उठाकर हम सदस्यता अभियान को सफल बनाएं।

### राशन दुकानों पर ....

एफसीआई और 3 प्रयोगशालाओं के लिए एनएबीएल मान्यता की भी शुरुआत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि शुरू किए गए सभी 6 कार्यक्रम पारदर्शिता लाते हुए खाद्य सुरक्षा इको-सिस्टम को और मजबूत करेंगे, कड़ी गुणवत्ता नियंत्रण सुनिश्चित करेंगे, कुपोषण पर अंकुश लगाएंगे और प्रणाली में अनाचार को भी रोकेंगे। गुजरात, राजस्थान, तेलंगाना और उत्तर प्रदेश में 60 उचित दर की दुकानों को जन पोषण केंद्र में बदलने के लिए पायलट परियोजना के शुभारंभ के दौरान जोशी ने कहा कि जन पोषण केंद्र पूरे देश में उचित दर की दुकान (एफपीएस) डीलरों की आय बढ़ाने की मांग का समाधान उपलब्ध कराएंगे। ये केंद्र उपभोक्ताओं को पोषण से भरपूर खाद्य पदार्थों की एक विविध श्रृंखला उपलब्ध कराएंगे और इसके साथ-साथ ही इन डीलरों को आय का एक अतिरिक्त स्रोत भी प्रदान करेंगे।

# अश्लील तस्वीरें, ब्लैकमेलिंग और 100 लड़कियों से गैंगरेप, आईएएस-आईपीएस की बेटियों का भी शिकार

*100 लड़कियों के साथ दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग की इस घटना पर यकीन करना मुश्किल है मगर काश ये झूठ होता इस वारदात ने पूरे अजमेर को हिलाकर रख दिया था। यह मामला 32 साल पहले हुआ था। अजमेर गैंगरेप और छात्राओं को ब्लैकमेल करने के मामले में 6 आरोपी बचे हुए थे। मंगलवार को स्पेशल पॉक्सो कोर्ट ने इन्हें दोषी माना और उम्रकैद की सजा सुनाई। इस आर्टिकल में हम आपको इस घटना की पूरी जानकारी दे रहे हैं।*

## दिल दहला देगी अजमेर 'सेक्स स्कैंडल' की कहानी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




**Note:**-Admission are subject to grant of affiliation from University and recognitions by respective councils for all courses. # for candidate from out of Maharastra, time will be given to obtain the same with payment of late to be paid to the University. Changes in date if any will be update on the Institute Website www.aiipmr.gov.in Candidates are instructed to cheek the same regularly. The institute reserves the right to change or cancel the admission process at any stage.

DIRECTOR- AIIMPR
Haji Ali Park, K Khadye Marge
Mahalaxmi, Mumbai- 400034

CBC-17134/11/0001/2425

# मस्क की कंपनी टेस्ला ने निकाली जॉब, पैदल चलने पर रोज मिलेंगे 28 हजार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टेस्ला ने उन लोगों के लिए एक अनोखा मौका पेश किया है जो दिन में सात घंटे से ज्यादा चलने को तैयार हैं, उन्हें इस भूमिका के लिए प्रति घंटे 48 डॉलर (लगभग 4,000 रुपए) तक का ऑफर दिया जा रहा है। टेस्ला के अपने ह्यूमनॉइड रोबोट ऑप्टिमस के विकास के हिस्से के रूप में यह ऑफर मोशन-कैप्चर टेक्नोलॉजी का उपयोग करके रोबोट को प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से है। लोग इस अवसर के माध्यम से प्रति दिन 28,000 रुपए तक कमा सकते हैं। टेस्ला के मालिक एलन मस्क ने साल 2021 में पहली बार ऑप्टिमस नाम के रोबोट के बारे में बताया था। उनका ख्याल था कि यह रोबोट कई तरह के काम कर सकेगा, जैसे फैक्ट्री में काम करना या लोगों की देखभाल करना। पिछले एक साल में टेस्ला ने इस रोबोट को बनाने की बहुत कोशिश की है। उन्होंने कई लोगों को काम पर रखा है ताकि वे इस रोबोट को सिखा सकें कि इंसान कैसे काम करते हैं।

## यह ऑफर ह्यूमनॉइड रोबोट ऑप्टिमस के विकास के लिए

### मोशन कैप्चर सूट पहनकर चलना होगा

इस नौकरी का नाम 'डेटा कलेक्शन ऑपरेटर' है, जिसमें हर दिन सात घंटे से ज्यादा समय तक मोशन-कैप्चर सूट और वर्चुअल रियलिटी हेडसेट पहनकर टेस्ट रूट्स पर चलना शामिल है। इस भूमिका में डेटा एकत्रित करना और उसका विश्लेषण करना, रिपोर्ट लिखना और छोटे-मोटे उपकरण से जुड़े काम भी शामिल हैं। खास बात यह है कि इस नौकरी के लिए कुछ खास शारीरिक योग्यताएं चाहिए, जैसे कि 5 फुट 7 इंच से 5 फुट 11 इंच के बीच की ऊंचाई, 30 पाउंड तक का सामान उठाने की कैपेसिटी और लंबे समय तक वीआर उपकरण चलाने की क्षमता।



### मिलेंगे इतने सारे बेनिफिट्स

इस टेस्ला की नौकरी पाने वाले लोगों को अच्छे वेतन के अलावा, पहले दिन से ही कई तरह के फायदे मिलेंगे, जिसमें पूरा मेडिकल, डेंटल और विजन प्लान्स, फैमिली बिल्डिंग सपोर्ट और रिटायरमेंट बेनिफिट्स शामिल हैं। कंपनी टेस्ला बेबीज प्रोग्राम, वजन घटाने और तंबाकू छोड़ने के कार्यक्रम और कई तरह के बीमा ऑप्शन जैसे अनोखे लाभ भी देती है।

### 48 डॉलर प्रति घंटे मिलेंगे

इस काम के लिए वेतन 25.25 डॉलर से लेकर 48 डॉलर प्रति घंटे तक है, जो कि करीब 2120 रुपए से लेकर 4000 रुपए प्रति घंटे तक होता है, जो कि आपकी काबिलियत, स्किल्स और जगह के हिसाब से तय होगा। इस काम में आपको पैसे और शेयर के रूप में भी इनाम मिल सकता है, जो कि रोबोटिक्स और एआई के क्षेत्र में काम करने के इच्छुक लोगों के लिए एक अच्छा मौका है।

## खबर संक्षेप



### हिंदुस्तान जिंक ने ओएफएस से 3,200 करोड़ रुपए जुटाए

**नई दिल्ली।** दिग्गज खनन कंपनी वेदांता लिमिटेड ने अपनी अनुषंगी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड (एचजेडएल) के शेयरों की बिक्री पेशकश से करीब 3,200 करोड़ रुपये जुटा लिए हैं। सूत्रों ने कहा कि वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक के शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) को खुदरा एवं संस्थागत निवेशकों से जबर्दस्त प्रतिक्रिया मिली है। सूत्रों ने कहा कि इस बिक्री पेशकश से वेदांता को करीब 3,200 करोड़ रुपये मिलने का अनुमान है।

### वेलस्पन वन ने गुरुग्राम में 22 एकड़ जमीन खरीदी



**नई दिल्ली।** वेलस्पन वन ने गुरुग्राम-एनएच-8 गलियारे में बिलासपुर-ताउरू रोड के किनारे लॉजिस्टिक पार्क विकसित करने के लिए 125 करोड़ रुपये में 22 एकड़ जमीन खरीदी है। इस परियोजना से 1,500 लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है। कंपनी के बयान के अनुसार, वह 'बिलासपुर-ताउरू सड़क परियोजना में 125 करोड़ रुपये निवेश करने की योजना बना रही है, जिससे 1,200-1,500 लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है।'

### सरस्वती साड़ी डिपो का शेयर 31 फीसदी बढ़कर सूचीबद्ध



**नई दिल्ली।** थोक साड़ी कारोबार में लगी कंपनी सरस्वती साड़ी डिपो का शेयर मंगलवार को बाजार में सूचीबद्धता के दिन निर्गम मूल्य से 31 प्रतिशत से अधिक उछाल के साथ बंद हुआ। बीएसई पर शेयर 160 रुपये के निर्गम मूल्य से 25 प्रतिशत बढ़कर 200 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। कारोबार के अंत में यह 31.22 प्रतिशत चढ़कर 209.95 रुपये के भाव पर बंद हुआ। एनएसई पर शेयर ने 21.25 प्रतिशत की तेजी के साथ 194 रुपये पर शुरुआत की।

### हिंदुस्तान जिंक 19 रुपए का दूसरा अंतरिम लाभांश देगी

**नई दिल्ली।** वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड के निदेशक मंडल ने चालू वित्त वर्ष के लिए 19 रुपये प्रति शेयर के दूसरे अंतरिम लाभांश को मंजूरी दे दी है। यह 8,028.11 करोड़ रुपये बैठता है।



निदेशक मंडल की मंगलवार को हुई बैठक में इसे मंजूरी दी गई। हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड (एचजेडएल) ने बीएसई को दी गई सूचना में कहा, 'निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 19 रुपये प्रति शेयर यानी दो रुपये प्रति शेयर के अंकित मूल्य पर 950 प्रतिशत के दूसरे अंतरिम लाभांश पर विचार किया और उसे मंजूरी दे दी है।

## रेटिंग्स एजेंसी मूडीज ने जारी की रिपोर्ट

# भारतीय कंपनियां एक-दो साल में 50 अरब डॉलर तक निवेश करेंगी, रिलायंस होगी अगुवा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

साख निर्धारण से जुड़ी मूडीज रेटिंग्स ने मंगलवार को कहा कि भारतीय कंपनियां क्षमता बढ़ाने को अगले एक-दो साल में पूंजीगत व्यय के तहत सालाना 45 से 50 अरब डॉलर का निवेश करेंगी। देश की सबसे मूल्यवान कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज की इस व्यय में हिस्सेदारी 30 प्रतिशत होगी। मूडीज ने भारत और इंडोनेशिया में सक्रिय कंपनियों के ऊपर जारी एक रिपोर्ट में कहा कि उत्पादन श्रृंखला एकीकरण को बढ़ाने और शुद्ध रूप से शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल करने के लिए निवेश किया जाएगा। इसके मुताबिक, तेल एवं गैस क्षेत्र और रिलायंस इंडस्ट्रीज मिलकर एक-दो साल में सामूहिक रूप से भारतीय कंपनियों के कुल व्यय का 60 प्रतिशत से अधिक खर्च करेंगी।

- भारत व इंडोनेशिया में सक्रिय कंपनियों पर रिपोर्ट

### खास बातें

- रिलायंस की व्यय में हिस्सेदारी 30 फीसदी होगी
- निवेश शून्य कार्बन उत्सर्जन लक्ष्य प्राप्त करने किया जाएगा




### हरित ऊर्जा क्षेत्र में होगा 15 अरब डॉलर व्यय

ये कंपनियां मौजूदा क्षमता का विस्तार करने और कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने लिए हरित ऊर्जा क्षेत्र में निवेश करने के लिए सालाना लगभग 15 अरब डॉलर व्यय करेंगी। मूडीज रेटिंग्स ने उदाहरण देते हुए कहा कि ओएनजीसी (बीएए-3 स्थिर) और इंडियन ऑयल अगले दो साल में भंडार बढ़ाने, वितरण गतिविधियों यानी आपूर्ति श्रृंखला के एकीकरण और ऊर्जा बदलाव पर क्रमशः छह अरब डॉलर और चार अरब डॉलर खर्च करेंगी।

### दोनों देश एशियाई की उभरती अर्थव्यवस्था

मूडीज ने कहा कि भारतीय और इंडोनेशियाई कंपनियों के लिए कर्ज गुणवत्ता बेहतर रहेगी। चीन को छोड़कर भारत और इंडोनेशिया एशिया की दो सबसे बड़ी उभरती अर्थव्यवस्थाएं हैं। उभरती अर्थव्यवस्थाओं में दोनों जी-20 देशों में रेटिंग वाली कंपनियों की संख्या और रेटिंग वाले कर्ज की मात्रा सबसे अधिक है।

### वृद्धि दर छह प्रतिशत रहने का अनुमान

मूडीज ने कहा कि अगले दो साल में भारत की जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर छह प्रतिशत से अधिक रहने का अनुमान है। भारत की आर्थिक वृद्धि को गति देने में घरेलू मांग की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। मूडीज रेटिंग्स को उम्मीद है कि अगले एक-दो साल में रेटिंग वाली भारतीय कंपनियों की कमाई पांच प्रतिशत बढ़ेगी। धातु, खनन और इस्पात, दूरसंचार तथा वाहन कंपनियों सहित विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक वृद्धि से कंपनियों को लाभ होगा।

# वित्तीय शेयरों में लिवाली से सेंसेक्स 378 अंक चढ़ा

## निफ्टी में लगातार चौथे दिन तेजी



एजेंसी ▶▶| मुंबई

वैश्विक बाजारों में ज्यादातर में मजबूती के रुख के बीच बैंक, वित्तीय और वाहन शेयरों में लिवाली से स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को अच्छी तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 378 अंक चढ़ गया। एनएसई निफ्टी भी लाभ में रहा। कारोबारियों के अनुसार, इसके अलावा, पश्चिम एशिया में तनाव कम होने तथा कच्चे तेल के दाम में नरमी से भी धारणा को बल मिला। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 378.18 अंक की बढ़त के साथ 80,802.86 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 126.20 अंक की बढ़त के साथ 24,698.85 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''घरेलू बाजार में अच्छी शुरुआत हुई।

- बैंक, वित्तीय और वाहन शेयरों में रही खरीदारी

# संजीवनी कैंसर हॉस्पिटल में कैंसर मरीजों के लिए म्यूजिकल थेरेपी कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

संजीवनी कैंसर हॉस्पिटल में छत्तीसगढ़ हार्मोनिका क्लब ने कैंसर पीड़ित मरीजों और उनके परिजनों के लिए एक संगीत कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम के दौरान मरीजों को म्यूजिकल थेरेपी के माध्यम से शरीर और मन को स्वस्थ रखने की सलाह दी गई। इस संस्था के संस्थापक रिटायर्ड आईपीएस राजीव श्रीवास्तव है। संस्था का मुख्य उद्देश्य संगीत के माध्यम से लोगों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल करना है, जिसमें माउथ ऑर्गन, सैक्सोफोन, बांसुरी, मेलोडिका और सीटी जैसे वाद्ययंत्रों का उपयोग किया जाता है। संजीवनी कैंसर हॉस्पिटल के डायरेक्टर और कैंसर सर्जन डॉ. यूसुफ मेमन ने बताया कि श्वास प्रणाली और फेफड़ों को मजबूत करने से संपूर्ण स्वास्थ्य में सुधार होता है। उन्होंने उल्लेख किया कि अनुलोम-विलोम जैसे प्राणायाम तकनीकें प्रदूषण से लड़ने में सहायक होती हैं और इस क्लब का संगीत स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में मदद करता है।

# सोने 1,400 और चांदी 3,150 रुपए मजबूत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच सोने की कीमतों में पिछले एक माह में एक दिन की सर्वाधिक तेजी दर्ज की गई। स्थानीय सराफा बाजार में मंगलवार को सोने का भाव 1,400 रुपये के उछाल के साथ 74,150 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। पिछले कारोबारी सत्र में शुक्रवार को सोना 72,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 3,150 रुपये के उछाल के साथ 87,150 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई, जबकि इसका पिछला बंद भाव 84,000 रुपये प्रति किलोग्राम था। वित्त वर्ष 2024-25 के वार्षिक बजट में केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा सोने पर आयात शुल्क में कटौती की घोषणा के बाद सोने की कीमतों में लगातार गिरावट दर्ज हुई थी। 23 जुलाई को सोने की कीमत 3,350 रुपये गिरकर 72,300 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई थी। इस बीच, राष्ट्रीय राजधानी में 99.9 प्रतिशत और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना अपने पिछले बंद भाव के मुकाबले क्रमशः 1,400-1,400 रुपये की तेजी के साथ क्रमशः 74,150 रुपये और 73,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ।

# ट्राई के सख्त निर्देश, टेलीमार्केटिंग पर लगेगी लगाम

## अनचाहे कॉल और मैसेज का गलत इस्तेमाल होगा बंद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लोगों को रोजाना अनचाहे कॉल और मैसेज मिलते ही रहते हैं। इनकी वजह से न सिर्फ लोग परेशान होते हैं बल्कि कई बार उनके साथ फर्जीवाड़ा भी हो जाता है। इसे देखते हुए टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया (ट्राई) ने मंगलवार को नई गाइडलाइन्स जारी की हैं। नई गाइडलाइन के अनुसार, अब सभी टेलीमार्केटिंग कॉल को 140 सीरीज पर माइग्रेट करना होगा ताकि इनकी बेहतर मॉनिटरिंग और कंट्रोल किया जा सके। इसके लिए सभी टेलीकॉम कंपनियों को 30 सितंबर तक का समय दिया गया है। इसके अलावा 1 सितंबर से किसी भी मैसेज में यूआरएल, एपीके, ओटीटी लिंक या कॉल बैक नंबर नहीं भेजा जा सकेगा।




### गड़बड़ी पर झेलना होगा सस्पेंशन

ट्राई ने कहा है कि हेडर या कंटेंट टेम्प्लेट में गड़बड़ी पाए जाने पर उस कंपनी के सभी हेडर और कंटेंट टेम्प्लेट को सस्पेंड कर दिया जाएगा। इसके बाद उन्हें वेरिफिकेशन की प्रक्रिया से गुजरना पड़ेगा। उन्हें दोबारा से काम करने की मंजूरी देने से पहले लीगल प्रक्रिया पूरी करनी होगी। इसके अलावा डिलीवरी और टेलीमार्केटिंग करने वालों को भी मैसेज के गलत इस्तेमाल की जानकारी दो दिनों के अंदर देनी होगी। अन्यथा उन पर भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### पूरी जानकारी रखनी होगी

ट्राई ने कहा है कि मैसेज को लेकर सभी टेलीकॉम कंपनियों को अपना सिस्टम दुरुस्त करना पड़ेगा। 1 नवंबर, 2024 से हर मैसेज को भेजने वाले और रिसीव करने वाले की पूरी जानकारी उनके पास होनी चाहिए। यदि किसी भी मैसेज में यह जानकारी नहीं है तो उसे रिजेक्ट करना होगा। ट्राई ने कहा है कि गलत कैटेगरी में रजिस्टर कंटेंट टेम्प्लेट को भी ब्लैकलिस्ट करना होगा। कई बार गलती करने वाले को एक महीने के लिए सस्पेंड करना होगा। कंटेंट टेम्प्लेट में सभी गाइडलाइन्स का पालन करना होगा।

### सिस्टम पारदर्शी बनाना चाहता है ट्राई

ट्राई ने कहा है कि वह मैसेजिंग सिस्टम को पारदर्शी और स्पष्ट बनाना चाहते हैं। ट्राई की प्राथमिकता कंज्यूमर और उनके हित हैं। इनसे कोई समझौता नहीं किया जाएगा। लोगों को फर्जी मैसेज और आर्थिक फर्जीवाड़े से बचाने के लिए यह कदम उठाना जरूरी था। आगे भी लोगों की सलाह पर ऐसे ही कदम उठाए जाते रहेंगे।

epaper : www.haribhoomi.com

# हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## Appointment आवश्यकता

### सेल्स मार्केटिंग

आवश्यकता है- फील्ड सेल्स मार्केटिंग कार्य हेतु C.G. के 18 जिलों में निम्न पद जिला- 1, तहसील 4, गांव 8, महिला, या पुरुष, जरूरतमंद ही संपर्क करें, (एक्सपीरियंस व फ्रेशर) (सैलरी+ कमीशन) अपना, बायोडाटा व्हाट्सएप करें ऑफिस धमतरी रायपुर- 9111444419.(RO-6456)

### डॉक्टर

आवश्यकता है- होम्योपैथिक डॉक्टर की 1 पद- 2, योग्यता- BHMS पास 1 वेतन Rs: 15,000/- से 20,000/- संपर्क करें:- Normal Child Clinic, राधा स्वामी नगर रायपुर Call 8602470046.(RO-2940)

### घरेलू कार्य/ड्रायवर

आवश्यकता है- वीआईपी चौक लाभांडी रायपुर में सभी घरेलू कार्य, एवं शाकाहारी खाना बनाने हेतु महिला एवं पुरूष (ड्रायवर या कुक) चाहिए। रहने की जगह दी जायेगी, ग्रामीणों को प्राथमिकता। पान, गुटखा, तंबाखू या किसी भी तरह का नशा न करने वाले पति- पत्नी ( बच्चे साथ में न रहते हों)। संपर्क करें- 9300593000 (RO-1227)

### ड्रायवर

आवश्यकता है- रायपुर कॉन्वेंट हा.से. स्कूल, बालाजी मंदिर के पीछे गुढियारी एवं केंट इंटरनेशनल स्कूल अमलेश्वर रोड ग्राम झीट में स्कूल बस हेतु (बैचवाले) एवं मैजिक चलाने हेतु ड्राईवर की आवश्यकता है। संपर्क करें- 8817444448, 8109077721, 8109077723 (RO-7467)

### सुरक्षागार्ड

आवश्यकता है- "होटल" जेलरोड, तेलीबांधा हेतु सुपरवाइजर 8, सुरक्षा गार्ड 45, लेडी गार्ड 8, ड्राइवर 8, कंप्यूटर ऑपरेटर 10, योग्यता 10वीं, स्नातकोत्तर (आवास एक टाइम भोजन फ्री गार्ड हेतु) वेतन 11000/- से 15000/- संपर्क:- ALERT SGS PRIVATE LIMITED 434 चतुर्थतल प्रोग्रेसिव पॉइंट लालपुर रायपुर मोबाइल नंबर:- 7746000016, 7747000019. (RO-2915)

### मार्केटिंग

REQUIRED- We need professionals with 4+ years of experience in architecture, digital marketing, and management for a real estate company. Contact: 9584131350, Email: info@mrlayouts.com (आरो नं -6367)

आवश्यकता है- पैथालाजी सामग्री की मार्केटिंग हेतु सेल्स एकजीक्यूटिव- 1 पद योग्यता- स्नातक सम्पर्क करें- फाफाडीह चौक के पास, मोती सागर होटल के पीछे रायपुर 8269090186, 9893470141 (RO-35143)

REQUIRED- PARSHURAM EXPORT'S LOOKING FOR YOUNG . DYNAMIC BOYS AND GIRLS. WITH GOOD ENGLISH SPEAKING AND COMPUTER KNOWLEDGE .SALARY - 15.P.M CONTCET - 7400779954 ,145- DHILION COMPLEX SURELA BHILAI (आरो न.-562)

हरिभूमि क्लासीफाईड

### कम्प्युटर/ऑपरेटर

आवश्यकता है- मेडिकल सीएंडएफ (दवाई के होलसेल डिपो) में बिलिंग कार्य हेतु कंप्यूटर ऑपरेटर (युवक / युवती) की आवश्यकता है। अनुभवी ही मिले : नरेंद्र फार्मा डंगनिया 9425542077, 9669426111.(RO-301)

### दुकान कार्य

आवश्यकता है- दुकान में कार्य करने हेतु मेहनती लड़कों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार संपर्क:- खेतान इंटरप्राइजेस, खेतान गेराज बिल्डिंग, वीडियो वर्ल्ड के पास, मौदहापारा, रायपुर (RO-341)

### आवश्यकता

आवश्यकता है- हेल्थ सेक्टर में करियर बनाएं , 8/10/12 वी फेल लड़के / लड़कियां ना हो निराश मेडिहब्स होम हेल्थ केयर से जुड़ कर कमाएं 8000 से 25000 प्रतिमाह + रहना फ्री रजिस्ट्रेशन हेतु संपर्क करें ऑफिस रायपुर : 7772011223. (RO-3919)

### टेलीकॉलर

आवश्यकता है- यूरेका फॉर्ब्स लिमिटेड प्रोडक्ट हेतु आवश्यकता है 12th PASS टेलीकॉलर- 2, ऑफिस असिस्टेंट -02, सेल्स रिप्रेजेंटेटिव 4, सर्विस टेक्निशियन 2, OFFICE BOY 1 (अनुभव आवश्यक नहीं) संपर्क करें:- दीपिका सर्विसेज कर्मचारी कॉलोनी कुशालपुर रायपुर 9826652461.(RO-2939)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

### ऑफिस कार्य

आवश्यकता है- ऑफिस सहायक हेतु युवको की आवश्यकता है वेतन 10,000 +कमीशन, बोनस रहना फ्री एक महीने ट्रेनिंग के बाद मैनेजर पद पर नियुक्ति, लगभग वेतन 30,000, अनुभव की आवश्यकता नहीं, 10वी पास या फेल। मो. 6265100904. (RO-2941)

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु अविवाहित लड़के चाहिए उम्र 18-28, 10वीं, 12वीं पास, जो रीवा में आकर काम कर सकें। वेतन 10000 कमीशन+ बोनस, रहना+ खाना फ्री, शीघ्र सम्पर्क करें- 8982665514, 8349969546 (RO-35147)

### Business व्यापार

व्यापार- अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना किसी रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000-50,000 प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट संपर्क:- APS इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7477221345, 9977676447, बिलासपुर - 8359913999, 9589288936, रायगढ़- 7869755871. (RO-2894)

### Astrology ज्योतिष

ज्योतिष - शास्त्रीजी घरबैठे सभी समस्याओं का समाधान प्यार धोखा, वशीकरण, सौतन छुटकारा लवमैरिज, रूठो को मनाना, ग्रहक्लेश, किया कराया, प्रेमी , पती, संतान कहने से बाहर होतो संपर्क करे समस्या केसीभी जड़से खत्म 7347259119.(RO-13135)

### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

Healthcare

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844



# सर्वाधिक कैच छोड़ने का विराट रिकॉर्ड कोहली के नाम, पांच साल में टपकाए 36 कैच



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी बल्लेबाजी से पूरी दुनिया को दीवाना बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली कैच छोड़ने के मामले भी अव्वल रहे हैं। पिछले 5 सालों में वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा कैच छोड़ने वाले भारतीय खिलाड़ी रहे हैं। कोहली ने साल 2019 से लेकर अब तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा 36 कैच छोड़े हैं। उनकी इस नाकामी का खामियाजा कई बार भारतीय क्रिकेट टीम को भुगतना पड़ा है।

### कैसा रहा है विराट का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट करियर?

*कोहली ने 113 टेस्ट में 49.15 की औसत से 8,845 रन बनाए हैं। इसमें 29 शतक और 30 अर्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 254 रन रहा है। वनडे क्रिकेट में उन्होंने 295 मैचों में 13,906 रन बनाए हैं। इसमें 50 शतक और 72 अर्धशतक शामिल हैं। इसी तरह टी-20 अंतरराष्ट्रीय में उन्होंने 125 मुकाबलों में 48.69 की औसत से 4,188 रन बनाए हैं। इसमें 1 शतक और 38 अर्धशतक शामिल हैं।*



### रोहित सहित और भी हैं कई खिलाड़ी इस सूची में

विराट के बाद पिछले 5 सालों में सर्वाधिक कैच छोड़ने वाले खिलाड़ी भारतीय कप्तान रोहित शर्मा है, जिन्होंने इस अवधि में 33 कैच टपकाए हैं। इस सूची में मोहम्मद सिराज (16) तीसरे, युजवेंद्र चहल (13) चौथे और श्रेयस अय्यर (12) 5वें पायदान पर हैं। विराट ने टेस्ट क्रिकेट में 16, टी-20 अंतरराष्ट्रीय में 13 और वनडे क्रिकेट में 7 कैच टपकाए हैं। इसी तरह रोहित ने तीनों प्रारूप में क्रमशः 10, 9 और 14 कैच टपकाए हैं।

## क्रिकेट इतिहास में सबसे ज्यादा बार जीरो पर आउट होने वाले बल्लेबाजों में सिर्फ एक भारतीय ; लिस्ट में कई दिग्गजों के नाम

*क्रिकेट में रिकॉर्ड बनाना वैसे तो अच्छा कहलाया जाता है, लेकिन कुछ रिकॉड्र्स ऐसे भी जिन्हें कोई भी प्लेयर अपने नाम के साथ नहीं जुड़ने देना चाहता। ऐसा ही एक रिकॉर्ड है, सबसे ज्यादा जीरो पर आउट होने का रिकॉर्ड। भारत के लिए अच्छी बात यह है कि टॉप-10 प्लेयर्स में महज एक ही भारतीय शामिल है।*

### श्रीलंका के 3, इंग्लैंड के 2 खिलाड़ी शामिल

*सबसे ज्यादा जीरो पर आउट होने वाले टॉप-3 प्लेयर्स में 2 श्रीलंका के हैं। वहीं टॉप-10 प्लेयर्स में श्रीलंका के 3 खिलाड़ी हैं। इनमें इंग्लैंड के भी 2 प्लेयर्स शामिल हैं जबकि भारत समेत ऑस्ट्रेलिया, वेस्टइंडीज, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान का भी एक ही प्लेयर शामिल है।*

### जयसूर्या, जयवर्धने बल्लेबाजों में टॉप पर

*सबसे ज्यादा डक बनाने वाले बल्लेबाजों में श्रीलंका के दिग्गज सनथ जयसूर्या 53 डक के साथ तीसरे और महेला जयवर्धने 47 डक के साथ छठे नंबर पर है। श्रीलंका के ही मुथैया मुरलीधरन 59 डक के साथ पहले नंबर पर हैं।*



### इंटरनेशनल क्रिकेट में डक बनाने वाले टॉप-10 प्लेयर्स

| | |
|---|---|
| मुथैया मुरलीथरन, श्रीलंका | 59 डक |
| कॉर्टनी वॉल्स, वेस्टइंडीज | 54 डक |
| सनथ जयसूर्या, श्रीलंका | 53 डक |
| ग्लेन मैक्ग्रा, ऑस्ट्रेलिया | 49 डक |
| स्टुअर्ट ब्रॉड, इंग्लैंड | 49 डक |
| महेला जयवर्धने, श्रीलंका | 47 डक |
| डेनियल विटोरी, न्यूजीलैंड | 46 डक |
| जेम्स एंडरसन, इंग्लैंड | 45 डक |
| वसीम अकरम, पाकिस्तान | 45 डक |
| जहीर खान, भारत | 44 डक |

## खबर संक्षेप



### पेरिस पैरालंपिक के लिए प्रमुख बने सांगवान

**नई दिल्ली।** भारतीय पैरालंपिक समिति के उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश सांगवान को आगामी पेरिस ओलंपिक के लिए मंगलवार को भारतीय दल का मिशन प्रमुख नियुक्त किया गया। सांगवान को पैरालंपिक अभियान के साथ जुड़े रहने का एक दशक से भी अधिक समय का अनुभव है मिशन प्रमुख के रूप में वह 84 पैरा खिलाड़ियों के भारत के अब तक के सबसे बड़े दल की अगुआई करेंगे। भारतीय खिलाड़ी 12 खेलों में चुनौती पेश करेंगे।

### विश्व कप क्वालीफायर में नहीं खेल पाएंगे मेस्सी

**ब्यूनस आयर्स (अर्जेंटीना)।** स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी चोटिल होने के कारण अर्जेंटीना की तरफ से विश्व कप क्वालीफायर के



अगले दो मैच में नहीं खेल पाएंगे। अर्जेंटीना के कोच लियोनेल स्कालोनी ने पांच सितंबर को चिली और उसके पांच दिन बाद कोलंबिया के खिलाफ होने वाले मैचों के लिए सोमवार को अपनी 28 सदस्यीय टीम की घोषणा की। मेस्सी अभी दाहिने टखने की चोट से उबर रहे हैं।

### अश्मिता-मालविका जापान ओपन के पहले दौर में बाहर



**योकोहामा (जापान)।** भारत की अश्मिता चालिहा और मालविका बंसोड़ मंगलवार को यहां जापान ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के शुरुआती दौर में हारकर बाहर हो गईं। अश्मिता जहां चीनी ताइपे की शीर्ष वरीयता प्राप्त ताई त्जु यिंग से 16-21, 12-21 से हार गईं, वहीं मालविका को यूक्रेन की पोलिना बुहरोवा ने 23-21, 21-19 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। भारत की तरफ से महिला एकल में आकर्षी कश्यप भी अपनी चुनौती पेश कर रही है।

### ध्रुव चव्हाण ने पोलो कप का खिताब जीता



**चेन्नई।** मुंबई के ध्रुव चव्हाण ने मंगलवार को यहां पोलो कप इंडिया 2024 रेसिंग प्रतियोगिता में आदित्य पटनायक को पछाड़कर खिताब जीता। ओजस सुर्वे तीसरे स्थान पर रहे। मद्रास अंतरराष्ट्रीय सर्किट पर पहली रेस जीतकर आदित्य ने बढ़त बनाई लेकिन ध्रुव ने अगली रेस जीतकर उनकी बराबरी पर ली। आदित्य ने दूसरे दौर की भी पहली रेस जीती लेकिन ध्रुव ने अपने प्रदर्शन के अधिक निरंतरता दिखाते हुए बाकी रेस में महत्वपूर्ण अंक जुटाकर खिताब अपने नाम किया।

## आईपीएल 2025 के रिटेंशन नियमों में इसी माह होगा बदलाव

# फ्रेंचाइजी अब कर सकेंगे 6 खिलाड़ियों को रिटेन, जल्द नियमों की घोषणा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड अगस्त के अंत तक इंडियन प्रीमियर लीग के खिलाड़ियों को रिटेन करने के नियमों की घोषणा कर सकता है। ऐसी खबरें हैं कि सभी 10 टीमों के लिए राइट टू मैच विकल्प सहित 6 रिटेंशन की अनुमति दी जा सकती है। बता दें कि अब तक बड़ी नीलामी से पहले 4 खिलाड़ियों को रिटेन करने का अधिकार रहता था और इसमें बदलाव हो सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, बीसीसीआई ज्यादा नियमों में बदलाव करने से बच सकता है। दरअसल, 31 जुलाई को मुंबई में बीसीसीआई और आईपीएल के मालिकों के बीच बैठक हुई, जिसमें कुछ फ्रेंचाइजी ने 'बड़ी नीलामी' को खत्म करने की इच्छा व्यक्त की थी। अब खबर है कि बोर्ड फिलहाल चीजों में ज्यादा बदलाव के बारे में नहीं सोच रहा है। बता दें कि आईपीएल 2024 की विजेता केकेआर और उपविजेता एसआरएच की टीमों ने बड़ी नीलामी के खिलाफ पक्ष रखा था।

■ बीसीसीआई ज्यादा नियमों में बदलाव करने से बच सकता है-रिपोर्ट



### बैठक के बाद क्या बोले थे जय शाह?



बैठक के बाद मीडिया ने जय शाह के हवाले से लिखा था, हमने सभी फ्रेंचाइजियों की राय सुनी है। हमारे लिए सभी टीमों की राय महत्वपूर्ण हैं। आखिरकार बीसीसीआई के पदाधिकारी ही फैसला करेंगे। जिनके पास अच्छी टीम है, उन्होंने कहा कि बड़ी नीलामी की कोई जरूरत नहीं है और जिनके पास अच्छी टीम नहीं है, वे बड़ी नीलामी चाहते हैं। खेल के विकास के लिए फेरबदल के साथ-साथ निरंतरता भी महत्वपूर्ण है।

### बड़ी नीलामी के पक्ष में नहीं थे केकेआर और एसआरएच

केकेआर के मालिक और बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान ने तर्क दिया था कि टीमों को ब्रांड-बिल्डिंग के लिए समय लगता है।



एसआरएच की मालकिन काव्या मारन ने छोटी नीलामी करने में अपनी सहमति व्यक्त की थी। काव्या ने तब कहा था, एक टीम बनाने में बहुत समय लगता है। युवा खिलाड़ियों को परिपक्व होने में भी काफी समय और निवेश लगता है। ऐसे में मेगा नीलामी की जगह पर छोटी नीलामी करना उचित होगा।

### ज्यादा रिटेंशन और इम्पैक्ट प्लेयर के खिलाफ दिखे थे डीसी के पार्थ जिंदल

बहुत ज्यादा रिटेंशन के खिलाफ लोगों में दिल्ली कैपिटल्स के पार्थ जिंदल भी शामिल थे। उन्होंने कहा था, कुछ लोगों ने सुझाव दिया कि बड़ी नीलामी बिल्कुल नहीं होनी चाहिए। सिर्फ छोटी नीलामी होनी चाहिए। मैं उस खेमे में नहीं हूँ। जिंदल ने कहा कि वह 'इम्पैक्ट प्लेयर' नियम को जारी रखने के भी खिलाफ हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस नियम से ऑलराउंडर खिलाड़ियों की उपयोगिता कम हो रही है, जो खेल के लिए अच्छा नहीं है।



## चोटिल बेनटोक्स के बिना खेलेगा इंग्लैंड, आज से श्रीलंका संग पहला टेस्ट



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंग्लैंड क्रिकेट टीम और श्रीलंका क्रिकेट टीम के बीच पहला टेस्ट 21 अगस्त से खेला जाएगा। चोटिल बेन स्टोक्स की गैरमौजूदगी में ओली पोप टीम की कप्तानी करेंगे, जबकि हैरी ब्रूक को उपकप्तान नियुक्त किया गया है। इंग्लैंड ने अपनी पिछली टेस्ट सीरीज में वेस्टइंडीज को 3-0 से हराया था और वह अपनी लय को आगे भी बरकरार रखने का प्रयास करेंगे। इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच होने वाला यह मैच 21 अगस्त से मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रेफर्ड स्टेडियम में शुरू होगा। यह मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 3:30 बजे से शुरू होगा। इंग्लैंड से डैन लॉरेंस और बेन डकेट पारी की शुरुआत करते हुए नजर आएंगे। चोटिल जैक क्रॉली इस सीरीज के लिए उपलब्ध नहीं है, इसीलिए लॉरेंस को मौका मिला है। तेज गेंदबाज मैथ्यू पॉट्स को भी प्लेइंग इलेवन में शामिल किया गया है।

■ इंग्लैंड की कमान संभालेंगे ओली पोप, मैच आज दोपहर 3:30 बजे से

**इंग्लैंड की प्लेइंग इलेवन:** डैन लॉरेंस, बेन डकेट, ओली पोप (कप्तान), जो रूट, हैरी ब्रूक (उपकप्तान), जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), क्रिस वोक्स, गस एटकिंसन, मैथ्यू पॉट्स, मार्क वुड और शोएब बशीर।

### इंग्लैंड का पलड़ा रहा है भारी

दोनों टीमों की भिड़ंत में इंग्लैंड का पलड़ा भारी रहा है। अब तक दोनों टीमों के बीच 36 टेस्ट खेले गए हैं, जिसमें से 17 मैच इंग्लैंड ने जीते हैं और 8 टेस्ट श्रीलंका ने अपने नाम किए हैं। इनके अलावा 11 टेस्ट ड्रॉ रहे हैं। श्रीलंका ने इंग्लैंड की धरती पर 3 टेस्ट जीते हैं और 8 टेस्ट में हार झेली है। इस बीच 7 टेस्ट ड्रॉ रहे हैं।

## विसर ने एक ओवर में 39 रन बनाकर तोड़ा युवी का रिकॉर्ड



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

समोआ के बल्लेबाज डेरियस विसर ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय में एक ओवर में 39 रन बटोरकर नया इतिहास रच दिया है। उन्होंने वानुअतु के तेज गेंदबाज नलिन निपिको के एक ओवर में 6 छक्के लगाए। इसके साथ-साथ निपिको ने अपने ओवर में 3 नो बॉल भी की, जिससे नया विश्व रिकॉर्ड स्थापित हो गया। विसर अब युवराज सिंह, किरोन पोलार्ड और दीपेंद्र एरी के बाद टी-20 अंतरराष्ट्रीय में एक ओवर में 6 छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बने हैं।

### समोआ ने जीता मुकाबला

मुकाबले की बात करें तो समोआ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर के बाद 174 का स्कोर बनाया। विसर के शतक के अलावा अन्य बल्लेबाज कुछ कमाल नहीं कर सके। जवाब में वानुअतु की टीम पूरे ओवर खेले के बाद 164/9 का स्कोर ही बना सकी और समोआ ने 10 रन से जीत दर्ज की। वानुअतु से निपिको ने अर्धशतक लगाया। गेंदबाजी में खराब प्रदर्शन करने वाले निपिको ने बल्लेबाजी में 74 रन बनाए।

### विसर ने नहीं लगाए लगातार 6 छक्के

दाएं हाथ के बल्लेबाज विसर ने लगातार 6 छक्के नहीं लगाए। उन्होंने शुरुआती 3 गेंदों पर छक्के लगाए थे, लेकिन अगली नो बॉल पर वह ऐसा नहीं कर सके थे। दूसरी तरफ युवराज, दीपेंद्र और पोलार्ड लगातार 6 छक्के लगा चुके हैं। विसर की बदौलत अब निपिको किसी एक ओवर में सर्वाधिक रन लुटाने वाले गेंदबाज बन गए हैं। बता दें कि इससे पहले तक कुल 5 मैचों में किसी एक ओवर में 36-36 रन बन चुके थे।

### विसर ने शतक जड़कर रचा इतिहास

वानुअतु के खिलाफ पूर्वी एशिया-प्रशांत क्वालीफायर मुकाबले में जब समोआ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 4 रन के स्कोर पर अपना दूसरा विकेट खोया, तब विसर बल्लेबाजी के लिए आए। उन्होंने लगातार गिर रहे विकेटों के बावजूद ताबड़तोड़ अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए अपना शतक पूरा किया। वह टी-20 अंतरराष्ट्रीय में समोआ की ओर से शतक जड़ने वाले पहले बल्लेबाज बने। वह 62 गेंदों में 132 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने 14 छक्के और 5 चौके भी लगाए।

## पाकिस्तान व बांग्लादेश के बीच पहला टेस्ट आज से

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने घोषणा की है कि पाकिस्तान क्रिकेट टीम और बांग्लादेश के बीच दूसरा टेस्ट मैच अब रावलपिंडी में खेला जाएगा। पहले यह मैच कराची में आयोजित होने वाला था, लेकिन कराची नेशनल स्टेडियम में चल रहे निर्माण कार्य के कारण स्थान को बदल दिया गया है। खेल के दौरान कोई समस्या न हो, इसी कारण विशेषज्ञों की सलाह पर यह निर्णय लिया गया। पहले दूसरा टेस्ट कराची में बिना दर्शकों के आयोजित होने वाला था। सीरीज का पहला टेस्ट मैच 21 अगस्त से रावलपिंडी में शुरू होने वाला है। हालांकि, दूसरा टेस्ट मैच 30 अगस्त से शुरू होने वाला था जो कि 3 सितंबर के बीच कराची में होना था।



## सिनर और सबालेंका को सिनसिनाटी ओपन के खिताब

एजेंसी ▶▶| मेसन (अमेरिका)

विश्व के नंबर एक पुरुष खिलाड़ी यानिक सिनर और महिलाओं में नंबर दो आर्यना सबालेंका ने सिनसिनाटी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में सीधे सेटों में जीत हासिल करके खिताब जीते। यह दोनों खिलाड़ी सिनसिनाटी ओपन में पहली बार चैंपियन बने। सबालेंका ने जेसिका पेगुला को 6-3, 7-5 से हराकर जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के बाद पहली बार कोई खिताब जीता। शुक्रवार को अपना 23वां जन्मदिन मनाने वाले सिनर ने अमेरिका के फ्रांसिस टियाफो को 7-6(4) 6-2 से हराया। वह 2008 में एंडी मरे के बाद सबसे कम उम्र में सिनसिनाटी ओपन का खिताब जीतने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। मरे ने 21 वर्ष की उम्र में यहां खिताब जीता था।



### अमेरिकी ओपन के लिए महत्वपूर्ण

सिनर और टियाफो दोनों पहली बार सिनसिनाटी ओपन के फाइनल में पहुंचे थे। इससे पहले यहां उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन तीसरे दौर में पहुंचना था। यह टूर्नामेंट 26 अगस्त से न्यूयॉर्क में शुरू होने वाले अमेरिकी ओपन की तैयारी के सिलसिले में महत्वपूर्ण माना जाता है।

## तीन मैचों की टी 20 सीरीज 23 अगस्त से होगी शुरू

# द. अफ्रीका की एडेन व वेस्टइंडीज की कप्तानी संभालेंगे रौवमेन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम ने हाल ही में मेजबान वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के खिलाफ टेस्ट सीरीज को 1-0 से जीता। अब दोनों टीमें टी-20 सीरीज में आपस में भिड़ेंगी, जिसकी शुरुआत 23 अगस्त से होगी। कैरेबियाई टीम टी-20 प्रारूप में ज्यादा सफल मानी जाती है और आगामी सीरीज में घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने का भी प्रयास करेगी। इस बीच टी-20 सीरीज की टीमें, कार्यक्रम और अन्य सभी जानकारियां जारी की गई हैं। प्रोटियाज टीम ने क्वेना मफाका और जेसन स्मिथ के रूप में अनकैप्ड खिलाड़ियों को मौका दिया है। मफाका को अंडर-19 विश्व कप 2024 में बेहतरीन गेंदबाजी के लिए 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' चुना गया था। उन्होंने विश्व कप के 6 मैचों में 21 विकेट लिए थे। वहीं, स्मिथ ने 79 टी-20 मैच खेले हैं, जिसमें 1,404 रन बनाए हैं।



### ये प्रमुख खिलाड़ी नहीं होंगे सीरीज का हिस्सा

*कगिसो रबाडा, केशव महाराज और मार्को येंसन को इस सीरीज से आराम दिया गया है। दक्षिण अफ्रीकी टीम के मुख्य कोच रॉब वाल्टर के अनुसार, एनरिक नोर्खिया, क्विंटन डिकॉक और हेनरिक क्लासेन को विभिन्न कारणों से टीम में नहीं चुना गया है। मई में टी-20 अंतरराष्ट्रीय में पदार्पण करने वाले नकाबा पीटर अभी भी कंधे की चोट से उबर रहे हैं। चोट को ध्यान में रखते हुए उनके नाम में भी विचार नहीं किया गया है।*

### दक्षिण अफ्रीकी टीम

*एडेन मार्करम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, नांद्रे बर्गर, डोनोवन फरेरा, ब्योर्न फोर्टुइन, रीजा हेंड्रिक्स, पैट्रिक क्रूगर, क्वेना मफाका, वियान मुल्डर, लुंगी एनगिडी, रयान रिकेल्टन, जेसन स्मिथ, ट्रिस्टन स्टब्स, रासी वैन डेर डुसेन और लिजाड विलियम्स।*

### वेस्टइंडीज की टीम

*रोवमैन पॉवेल (कप्तान), रोस्टन चेस (उपकप्तान), एलिक अथानाज, फैबियन एलन, जॉनसन चार्ल्स, मैथ्यू फोर्ड, शिमरॉन हेटमायर, शाई होप, अकील होसेन, शमर जोसेफ, ओबेद मैककॉय, गुडाकेश मोती, निकोलस पूरन, शेरफेन रदरफोर्ड और रोमारियो शेफर्ड।*




# 'मैं टाइटैनिक में डूबा था, अब हुआ है पुनर्जन्म', 5 साल के बच्चे का दावा

एजेंसी ▶▶| न्यूयार्क

हिंदू धर्म समेत कई और धर्मों में भी इंसान की मृत्यु के बाद उसके पुनर्जन्म की कथाएं कही गईं हैं। हालांकि, इन्हें महसूस करना और देखना हर किसी के बस की बात नहीं है। आज हम आपको एक ऐसे बच्चे की कहानी बताएंगे, जिसने छोटी सी उम्र में ही बताया कि उसे अपना पिछला जन्म याद है और ये उसका पुनर्जन्म है।

### तस्वीरें देखकर हक्के-बक्के हुए लोग





### बच्चे ने बताया पिछले जन्म का किस्सा

रिपोर्ट के मुताबिक जेमी नाम के एक लड़के ने 5 साल की उम्र में दावा किया था कि वो नॉर्थ अटलांटिक महासागर में साल 1912 में डूबकर मरा था। जेमी की मां बताती हैं कि बच्चे को छोटी सी उम्र से ही उसे गहरे पानी से डर लगता था। जब उसने टाइटैनिक फिल्म देखी तो वो अंत देखने से पहले ही डर गया। उसने करीब 50 तस्वीरें बनाईं, जिसमें टाइटैनिक डूबती हुई दिख रही थी। ये तस्वीरें उसी घटना को दिखा रही थीं, जो साल 1912 में हुई थी। जेमी को टाइटैनिक के इंटीरियर से लेकर उसकी खिड़कियां तक याद थीं। उसने ये भी बताया कि शिप को बनाने में गलती कहां हुई थी, जिसकी वजह से ये डूबा।

हम सबने पुनर्जन्म के बारे में सुना होगा। छोटे से बच्चे ने 5 साल की मासूम उम्र में दावा किया कि वो टाइटैनिक हादसे में डूबकर मरा था। वो होश संभालते से ही गहरे पानी को देखकर डर जाता था। बड़े होने के बाद उसने दावा किया कि वो पिछले जन्म में टाइटैनिक शिप का आर्किटेक्ट था और हादसे में अपनी जान गंवा बैठा था।

### मैं पिछले जन्म में आर्किटेक्ट था

यहां तक की आर्किटेक्ट से जुड़ी हुई सारी कहानियां उसने बचपन में सुनाई थीं, जो अलग-अलग जगहों पर छप चुकी थीं। जेमी की मां ने बोला कि वो एक दिन अपने कमरे में किसी आदमी की तरह ज़ोर-ज़ोर से शिप के डूबने पर चिल्ला रहा था। वो दिन काफी डरावना था, लेकिन तब से उसने टाइटैनिक के बारे में बातें करनी कम कर दी। अब 19 साल का हो चुका जेमी कॉलेज जाता है। लेकिन, अब भी उसका कहना है कि वो पिछले जन्म में टाइटैनिक शिप का आर्किटेक्ट थॉमस एंड्रयूज़ था।

# ममियों के शरीर के अंदर थे मोबाइल फोन खास था उनका उपयोग

एजेंसी ▶▶| लंदन



पेरू में मिले 'एलियन ममियों' पर कई तरह के विवाद हैं। इस पर परस्पर दावे किए जा रहे हैं कि ये इंसानों के हैं या फिर वाकई में एलियन के शव हैं। कभी दावा किया जाता है कि सभी ममी धरती की चीजों के ही बने थे। तो कभी दावा किया गया कि केवल कुछ हिस्सा इंसान का पाया गया। लेकिन इन्हें एलियन कहने वाले पत्रकार ने एक नया और सनसनीखेज दावा किया है। उसने दावा किया है कि इन 'एलियन ममियों' के शरीर के अंदर मोबाइल फोन-शैली के संचार उपकरण थे।

**रहस्यमयी ममियों को एलियन कहने वाले शख्स का दावा**

यूएफओलॉजिस्ट और विवादास्पद पत्रकार जैमे मौसन का कहना है कि वैज्ञानिकों ने पाया है कि रहस्यमयी शवों की छाती में दुर्लभ धातुएं और मिश्र धातुएं डाली गई थीं। उनका मानना है कि वे अंतरिक्ष में संचार करने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले अंतर-गैलेक्टिक उपकरण हो सकते हैं। यौगिक में से एक दुर्लभ धातु है जिसे ऑस्मियम कहा जाता है, जो मनुष्यों के लिए घातक मानी जाती है। मैक्सिकन मौसन ने कहा, 'मेरा मानना है कि यह संचार के लिए एक उपकरण है। मुझे नहीं पता कि यह कैसे काम करता है, लेकिन विशेषज्ञों को यह समझने के लिए गहराई से जाना होगा कि उन्होंने इसे शरीर के अंदर क्यों रखा।

मेरा अनुमान है कि यह स्वास्थ्य के लिए था, किसी चीज से संवाद करने के लिए या एक तरह का सेलुलर फोन। यह धातु ऑस्मियम से बनी है, जिसका उपयोग अंतरिक्ष क्षेत्र में दूरसंचार और उपग्रहों के लिए किया जाता है। यह बहुत दुर्लभ है। इसे ढूंढना आसान नहीं है और यह बहुत महंगा है और इसके अलावा यह बहुत जहरीला है। किसी इंसान के अंदर ऐसा होना शरीर में बड़ी चोट पैदा कर सकता है।

### फोरेंसिक लैब में हो रहा शवों का परीक्षण

वैज्ञानिक फिलहाल फोरेंसिक लैब में उन शवों का परीक्षण कर रहे हैं। इनके बारे में मौसन का दावा है कि उन्हें 2017 में पेरू के नाजका की एक गुफा में छिपे हुए मिले थे। बहुत से लोगों ने मैसन के दावों को एक झूठ के रूप में खारिज कर दिया है, लेकिन मौसन के लिए पूरी तरह से विचित्र है कि उनकी तमाम खोजों को अनदेखा किया गया, खारिज किया गया और उनका उपहास किया गया।







# बचपन से जिसने पाला, शेरनी को उससे हुआ इतना प्यार, अब पलभर नहीं छोड़ती साथ!

एजेंसी ▶▶| लंदन

कुदरत ने हमें धरती पर इतना कुछ दिया है कि अगर इन्हें देखने लगें, तो पूरी ज़िंदगी कम पड़ जाएगी। खूबसूरत नज़ारों से लेकर तरह-तरह के तरह-तरह के जीव-जंतु और दूसरी चीज़ें। अगर नेचर की इस सुंदरता को तसल्ली से देखना है, तो जंगली जानवरों की ज़िंदगी देखने लायक होती है। इस वक्त एक ऐसा ही दिलचस्प वीडियो वायरल हो रहा है। इंसानों और जानवरों के बीच का बॉन्ड अलग ही होता है। ये देखने में काफी प्यारा और अजीब भी लगता है। ऐसा ही एक शख्स एक छोटे से शावक को अपने साथ लेकर आया था।

### शेरनी और शख्स के बीच का दोस्ताना

कहते हैं प्यार खून के रिश्तों में ही होता है। हालांकि, दक्षिण अफ्रीका के वैलेंटिन ग्र्यूनर की कहानी ज़रा अलग है। उनका बेहद प्यारा रिश्ता सिग्रा नाम की शेरनी से है। वैलेंटिन ग्र्यूनर बोत्सवाना के मोडीसा वाइल्डलाइफ प्रोजेक्ट के को फाउंडर हैं। उन्होंने एक शेरनी द्वारा छोड़े गए सिग्रा नाम के शावक पाला। शुरुआत में सिग्रा कमज़ोर थी, लेकिन देखभाल से वो एक मजबूत और सुंदर शेरनी बन गई।

### सिग्रा को यूं मिला नया घर

यूं तो सिग्रा इंसानों के साथ रहने की आदी हो चुकी थी, लेकिन उसे जंगल में छोड़ना जोखिम का काम था। ग्र्यूनर और उनकी टीम ने 2000 हेक्टेयर का एक रिज़र्व तैयार किया, जिसमें सिग्रा का घर बना। वो यहां खुशी से रहती है। उसके गले में एक सैटेलाइट ट्रैकिंग कॉलर होता है, जिससे उसकी स्थिति और उसकी लोकेशन ट्रैक होती रहती है।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com